दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO.RAJHIN /2013/52026
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 13 | अंक : 176 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00
टोंक। शनिवार, 31 जनवरी 2026 । माघ माह, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी, संवत्-2082
भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# अजित पवार की पत्नी महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम बनेंगी

## आज शाम 5 बजे शपथ संभव; एनसीपी नेता फडणवीस से मिले

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई/पुणे।** अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम होंगी। सूत्रों के मुताबिक शनिवार को एनसीपी के विधायक दल की बैठक के बाद इसका ऐलान किया जाएगा। शाम 5 बजे शपथ ले सकती हैं।

अजित की प्लेन क्रैश में मौत के बाद उपमुख्यमंत्री पद खाली हो गया है। अजित के पास वित्त, आबकारी और खेल विभाग के साथ-साथ डिप्टी चीफ मिनिस्टर का पद भी था। सूत्रों के मुताबिक वित्त मंत्रालय सीएम फडणवीस के पास रह सकता है। यह भी दावा भी किया जा रहा है कि अजित पवार एनसीपी के दोनों गुट के जिस मर्जर पर बातचीत कर रहे थे, उस पर आखिरी फैसला शरद पवार लेंगे।



### एनसीपी विलय को लेकर 3 लोगों के दावे

अजित के करीबी किरण गुजर ने न्यूज एजेंसी को बताया कि वे दोनों गुटों को मिलाने के लिए 100% उत्सुक थे। उन्होंने पांच दिन पहले कहा था कि प्रक्रिया पूरी हो गई है और अगले कुछ दिनों में विलय होने वाला है। गुजर ने कहा कि अजीत के पास विलय और एकजुट एनसीपी के भविष्य के लिए एक रोडमैप तैयार था।

एनसीपी के सीनियर नेता जयंत पाटिल ने भी कहा है कि विलय को लेकर अजित दादा और उनके बीच कई बैठकें हो चुकी थी। अजित इसे लेकर सकारात्मक थे। जिला परिषद चुनाव के बाद इस पर अंतिम निर्णय होना था। अजित दादा ने कहा था पहले स्थानीय निकाय के चुनाव गठबंधन करके लड़ा जाए, विलय का फैसला चुनाव के बाद लेंगे।

एनसीपी शरद गुट के नेता एकनाथ खड़से ने न्यूज एजेंसी से कहा है कि एनसीपी के दोनों गुट एक साथ आएंगे। मर्जर तय हो चुका था।

### अजित की जगह सीएम फडणवीस पेश कर सकते हैं बजट

अजित के निधन के बाद अब लगभग यह तय है कि महाराष्ट्र का वित्त विभाग फिलहाल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के पास रहेगा और मार्च में ष्टरूही महाराष्ट्र का बजट पेश करेंगे। जब एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री थे तब उपमुख्यमंत्री के रूप में देवेंद्र फडणवीस के पास गृह और वित्त दोनों महत्वपूर्ण विभाग थे। फडणवीस ने 9 मार्च 2023 को महाराष्ट्र राज्य का बजट भी पेश किया था।

जुलाई 2023 में जब अजित पवार महायुति सरकार में शामिल हुए तब वित्त मंत्रालय फडणवीस ने अजित पवार को सौंप दिया था। वे 23 फरवरी को राज्य का बजट पेश करने वाले थे। फडणवीस के पहले कार्यकाल (2014-2019) में वित्त मंत्रालय सुधीर मुनगंटीवार के पास था।

सुधीर मुनगंटीवार अभी सिर्फ विधायक हैं लेकिन फडणवीस सरकार का हिस्सा नहीं है। उनके मंत्री बनने और फिर से वित्त मंत्रालय मिलने की संभावना बेहद कम है।

# 67,000 गिरकर 3.32 लाख पर आई

## सोना 15 हजार रुपए सस्ता, 1.54 लाख रुपए पर आया



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** गोल्ड और सिल्वर मार्केट में 30 जनवरी को गिरावट है। सुबह के कारोबार के दौरान प्रॉफिट बुकिंग के कारण एमसीएक्स पर चांदी 67 हजार रुपए (17%) गिर गई। 1 किलो चांदी का भाव 3.32 लाख रुपए पर आ गया। हालांकि अभी इसमें थोड़ी रिकवरी है और ये 12% की गिरावट के साथ 3.51 लाख पर आ गई है। एमसीएक्स पर सोने में भी सुबह के कारोबार के दौरान 15 हजार रुपए (9%) की गिरावट थी। 10 ग्राम सोना 1.54 लाख रुपए पर आ गया था। वहीं सोना अब थोड़ा रिकवर हुआ है और ये 3त्न की गिरावट के साथ 1.64 लाख रुपए पर ट्रेड कर रहा है। सोने और चांदी के ईटीएफ में भी आज 23% तक की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं सर्राफा बाजार में चांदी 40,638 रुपए और सोना 9,545 रुपए सस्ता हुआ है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत 3,39,350 रुपए किलो पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,65,795 रुपए पर आ गया है।

# धीरेंद्र शास्त्री बोले- हम कुछ बोलेंगे तो दंगा हो जाएगा

## मुसलमानों के यहां तीन बार हु...हु... हु...और तलाक



बढ़ता राजस्थान

**बांदा।** बांदा में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा- हिंदू एक बात नोट कर लें। मुसलमानों को गाली देकर भारत हिंदू राष्ट्र नहीं बनेगा। हिंदुओं को अपनी कुरीतियां सुधारनी पड़ेंगी, तभी भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा। उनके यहां तो कटना ही कटना है। जहां देखो, वहां कटना है। भगवान ही बचाए, हमें कुछ बोलना नहीं है, नहीं तो दंगा हो जाए।

अगर हो भी जाए तो ठठरी है। एक वो हैं, उनके यहां तो तीन बार हुज हुज हुज्और तलाक। हमारे यहां जब तक 20 से 25 बार कोर्ट में पेशी न हो जाए, तब तक तलाक नहीं होता। उनमें कोई बुराई नहीं है, अच्छी बात है। उनका अपना-अपना है। कायदे में रहेंगे तो फायदे में रहेंगे। पंडित धीरेंद्र शास्त्री सदर विधायक प्रकाश द्विवदी के बुलावे पर बांदा आए हैं। यहां पहुंचते ही उनका काफिला विधायक के खुरहंड स्थित आवास पर पहुंचा। यहां से निकलकर उन्होंने विधायक के साथ भगवान शंकर कैलाशेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर में चल रहे सुंदरकांड पाठ में शामिल हुए। कभी चादर चढ़ाओगे, कभी कैंडिल जलाओगे तो कृपा कैसे होगी? धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- हमारा काम है दर पर जाना, उनका काम है बिगड़ी बनाना और परमात्मा का काम है सब कुछ संभालना।

# शाह बोले-असम में 64-लाख घुसपैठिए, 7 जिलों में इनका बहुमत

## कांग्रेस ने राज्य को बंदूक-गोली, संघर्ष और युवाओं की मौत के अलावा क्या दिया

बढ़ता राजस्थान

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को असम में बदलती डेमोग्राफी पर कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। गृह मंत्री ने कहा, मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि उनकी पार्टी ने असम को बंदूकें, गोलियों, संघर्ष और युवाओं की मौत के अलावा क्या दिया है।

शाह ने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान असम में घुसपैठियों की आबादी शून्य से बढ़कर 64 लाख हो गई और सात जिलों में घुसपैठिए बहुमत में हो गए। मोदी सरकार राज्य में डेमोग्राफिक ट्रेंड को उलटने का काम कर रही है।

शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर नॉर्थईस्ट का अपमान करने का भी आरोप लगाया। असम के डिब्रूगढ़ में खानिकर परेड ग्राउंड में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर विदेशियों सहित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने सम्मान के प्रतीक के रूप में स्कार्फ पहना था, लेकिन राहुल ने इनकार कर दिया था।

शाह ने आगे कहा कि राहुल गांधी जो चाहें कर सकते हैं, लेकिन जब तक बीजेपी सत्ता में है। हमारी पार्टी नॉर्थ ईस्ट की संस्कृति का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। शाह ने कहा- असम से राज्यसभा सांसद रहे मनमोहन सिंह भी काम नहीं कर पाए

केंद्रीय गृह मंत्री ने असम में घुसपैठियों को बसने से रोकने में मिसिंग समुदाय की भूमिका पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, घुसपैठ को रोकना मिसिंग समुदाय की जिम्मेदारी है। आपको बंदूक उठाने की जरूरत नहीं है।

डिब्रूगढ़ और धेमाजी को जोड़ने वाली ब्रह्मपुत्र नदी पर बोगीबील पुल के बारे में बात करते हुए, शाह ने कहा कि यह पूरी दुनिया के सामने भारत की प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने कहा, हालांकि, भारत में बहुत कम लोग जानते हैं कि बोगीबील पुल मिसिंग समुदाय के मेरे भाइयों और बहनों की कड़ी मेहनत और पसीने से बनाया गया था।

आज, यह पुल देश भर में और विश्व स्तर पर एक नए भारत की सोच का एक शक्तिशाली प्रतिनिधित्व बन गया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने आगे कहा कि असम से राज्यसभा सांसद मनमोहन सिंह 10 साल तक प्रधानमंत्री रहे, लेकिन यह पुल अधूरा ही रहा। असम के लोगों ने मोदी जी पर भरोसा किया और उनके नेतृत्व में यह पुल सिर्फ चार साल में पूरा हो गया।




### शाह बोले- असम की चाय यूरोपीय देशों में भेजी जाएगी

शाह ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने असम और उसके चाय उद्योग को बदनाम करने के लिए एक टूलकिट जारी किया था। उन्होंने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ के बीच हाल ही में हुए मुक्त व्यापार समझौते से यह सुनिश्चित होगा कि असम की चाय यूरोपीय देशों में बिना किसी टैरिफ के भेजी जाएगी।

शाह ने कहा कि बीजेपी ने पिछले चुनावों में वादा किया था कि उसकी सरकार असम को बाढ़ मुक्त बनाएगी। इस दिशा में कदम 2026 के चुनावों से पहले ही उठाए जा चुके हैं।

उन्होंने असम के मतदाताओं से अपील की कि विकास, शांति, सुरक्षा, औद्योगिक और कृषि प्रगति सुनिश्चित करने और असम को घुसपैठ और बाढ़ से मुक्त बनाने के लिए लगातार तीसरी बार बीजेपी को चुनें।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-स्कूलों में लड़कियों को फ्री सैनेटरी पैड मिले

## लड़के-लड़कियों के अलग टॉयलेट हों; आदेश न मानने पर स्कूल की मान्यता रद्द होगी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को देश के सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूलों को निर्देश दिया कि हर स्कूल में लड़कियों को फ्री में सैनेटरी पैड बांटना अनिवार्य होगा। लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग वॉशरूम बनाने होंगे। जो स्कूल ऐसा नहीं कर पाएंगे, उनकी मान्यता रद्द की जाएगी। इसके साथ ही कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि हर स्कूल में दिव्यांगों के अनुकूल (डिसेबल फ्रेंडली) टॉयलेट बनाए जाएं। केंद्र सरकार की मासिक धर्म स्वच्छता नीति को पूरे देश में लागू करने की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में पिछले 4 सालों से सुनवाई चल रही थी। कोर्ट ने आज सिर्फ फैसला सुनाया है। सोशल वर्कर जया ठाकुर ने 2022 में एक जनहित याचिका लगाई थी। उनकी मांग थी कि मेन्स्ट्रुयल हाइजीन पॉलिसी को पूरे देश में लागू किया जाए।

**कोर्ट के 2 सवाल**-अगर स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग टॉयलेट नहीं हैं तो यह संविधान के अनुच्छेद 14 (बराबरी का अधिकार) का उल्लंघन है। अगर लड़कियों को सैनिटरी पैड नहीं मिलते तो वे लड़कों की तरह बराबरी से पढ़ाई और गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले पातीं।

मासिक धर्म के दौरान सम्मानजनक सुविधा मिलना संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और गरिमा का अधिकार) का हिस्सा है। अगर लड़कियों को उचित सुविधा नहीं मिलती तो उनकी गरिमा और निजता प्रभावित होती है।

# लखनऊ में विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, 275 यात्री थे

## सऊदी जाते वक्त तकनीकी खराबी आई; मुंबई में उतरने की परमिशन नहीं मिली तो लौटा

बढ़ता राजस्थान


**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ एयरपोर्ट से सऊदी अरब जा रहे एक विमान की शुक्रवार को इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। उड़ान के कुछ समय बाद विमान में तकनीकी दिक्कत आ गई थी। सूत्रों के मुताबिक, जब विमान मुंबई के पास पहुंचा, तब केबिन प्रेशर में समस्या आ गई। इसके चलते कुछ यात्रियों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। हालात देखते हुए पायलट ने पहले मुंबई एयरपोर्ट से संपर्क कर लैंडिंग की अनुमति मांगी, लेकिन वहां से परमिशन नहीं मिली। इसके बाद पायलट ने लखनऊ एयरपोर्ट से संपर्क किया। लखनऊ से इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मिलते ही विमान वापस लौट आया। करीब 82 मिनट में विमान सुरक्षित रूप से लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा। खराबी दूर होने पर विमान जेद्दा के लिए रवाना हो गया। यह विमान सऊदिया अरबिया एयरलाइंस का था। फ्लाइट नंबर एसवी-891 जेद्दा जा रही थी। विमान में 275 यात्री, 4 पायलट और 6 क्रू मेंबर सवार हैं।

# राजस्थान में कोहरे के कारण टकराईं गाड़ियां, 3 की मौत

## 6 से ज्यादा लोग घायल, एम्बुलेंस जाम में फंसी; प्रदेश में फिर बारिश-ओले गिरने की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान शुक्रवार को भी घने कोहरे की चपेट में रहा। कोहरे के कारण भीलवाड़ा जिले में नेशनल हाईवे- 58 पर 5 से ज्यादा गाड़ियां टकरा गईं। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 6 से ज्यादा लोग घायल हो गए। एक्सीडेंट के कारण भीलवाड़ा-उदयपुर हाईवे पर जाम लग गया था। घायलों के लिए पहुंची एम्बुलेंस भी जाम में फंस गई थी। मौसम विशेषज्ञों ने बताया- 31 जनवरी से एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। जिसके असर से राजस्थान के पूर्वी हिस्सों (जयपुर, भरतपुर, बीकानेर और कोटा संभाग) के जिलों में बादल छा सकते हैं। कहीं-कहीं हल्की बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं। इस सिस्टम का असर 2 फरवरी तक रहेगा।



**हाईवे पर मची चीख-पुकार, कई घायल फंसे**-शुक्रवार सुबह भीलवाड़ा में कम विजिबिलिटी के कारण नेशनल हाईवे-58 पर हादसा हुआ। एक्सीडेंट में एक के बाद एक 6 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। गाड़ियों में फंसे 3 लोगों की मौत हो गई। गाड़ियों में फंसे घायलों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। कई घायल चीखते-चिल्लाते गाड़ियों से मदद मांगते नजर आए। दरअसल, 27 जनवरी को हुई मावठ के बाद प्रदेश के अधिकतर जिलों में सुबह कोहरा छा रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर नेशनल हाईवे के ट्रैफिक पर हो रहा है।

### कोहरे के कारण गायों को टक्कर मारी

भीलवाड़ा जिले के आसींद उपखंड के करेड़ा थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-148ष्ठ पर शुक्रवार को घने कोहरे के बीच एक डंपर ने तीन गायों को टक्कर मार दी। हादसे में दो गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने हाईवे पर कांटेदार झाड़ियां डालकर जाम लगा दिया। पुलिस की समझाइश के बाद जाम खुलवाया गया।

### टोंक में सर्दी तेज, घनी धुंध

मावठ के बाद लगातार दूसरे दिन भी टोंक शहर में सुबह कोहरा छाया रहा। सुबह 8 बजे तक शहर के अधिकतर हिस्से धुंध लिपटे नजर आए।

### अलवर में घटी विजिबिलिटी

अलवर में सुबह घना कोहरा छाया रहा। हालांकि, धूप निकलने से कोहरे का असर कम होने लगा है। विजिबिलिटी 80 रहा।,मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक बारिश का अलर्ट जारी किया है

### सर्दी फिर बढ़ी, शीतलहर ने ठिठुराया

पिछले 24 घंटे में राज्य में अधिकांश शहरों में गुरुवार सुबह तक मौसम साफ रहा। लेकिन दिन चढ़ने के साथ पश्चिमी राजस्थान के साथ-साथ उत्तरी और पूर्वी राजस्थान के जिलों में धुंध और हल्के बादल छा गए।इससे धूप कमजोर रही और सर्दी का असर तेज रहा। कल दिन का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 25 .6 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में दर्ज हुआ।

# पूर्व उपराष्ट्रपति अंसारी ने महमूद गजनी को भारतीय लुटेरा बताया

## भाजपा बोली- यह बीमार मानसिकता

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति एम हामिद अंसारी के महमूद गजनी को 'भारतीय लुटेरा' बताने पर भाजपा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि विदेशी आक्रमणकारियों और लुटेरों के प्रति अंसारी का लगाव उनकी बीमार मानसिकता को दिखाता है। हामिद अंसारी ने एक पत्रकार को दिए इंटरव्यू में कहा, 'इतिहास की पुस्तकों में जिन्हें विदेशी आक्रमणकारी और लुटेरे लिखा गया, उनमें महमूद गजनवी भी शामिल हैं। वह वास्तव में 'भारतीय लुटेरा' था। अंसारी ने कहा कि राजनीतिक रूप से यह कहना सुविधाजनक है कि उन्होंने यह नष्ट किया, वह नष्ट किया, लेकिन वे सब भारतीय थे।'

## सम्पादकीय

# शहर महज आवास नहीं, आर्थिक अवसंरचना का हैं रूप

यह अच्छा है कि बजट से पहले संसद में पेश आर्थिक सर्वेक्षण में अनेक चुनौतियों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया गया। इनमें से एक है शहरों का सही तरह विकास न होना। चूंकि इस पर विस्तार से प्रकाश डाला गया है, इसलिए उसकी महत्ता भी समझी जानी चाहिए और उस पर गंभीरता से ध्यान भी दिया जाना चाहिए। इससे शायद ही कोई असहमत हो कि शहर महज आवास नहीं हैं। वे एक महत्वपूर्ण आर्थिक अवसंरचना का रूप हैं। इसीलिए उन्हें आर्थिक विकास का इंजन कहा जाता है। हमारे शहर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान तो बढ़ा रहे हैं, लेकिन वे सुगम नागरिक जीवन के वैसे केंद्र नहीं बन पा रहे हैं, जैसे विश्व के अनेक देशों के शहर हैं। शहरी जीवन समस्याओं से घिर रहा है। वे तनाव, भीड़ और गंदगी का पर्याय बन रहे हैं। ऐसा अनियोजित और बेतरतीब विकास के कारण हो रहा है। एक विडंबना यह भी है कि आधारभूत ढांचे में छिटपुट सुधारों को शहरी विकास का पर्याय मान लिया गया है। इसका परिणाम यह है कि शहरी समस्याएं रह-रहकर सिर उठाती रहती हैं। यह भी देखने में आ रहा है कि कई शहर आर्थिक गतिविधियों के केंद्र बन जाने के बाद भी राजनीतिक रूप से हाशिए पर ही रहते हैं। रही-सह कसर नगर निकायों की नाकामी पूरी कर देती है। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार भारतीय शहर अपने राजस्व से सकल घरेलू उत्पाद का 0.6 प्रतिशत से भी कम प्राप्त करते हैं। इसका सीधा अर्थ है कि शहरों को सही तरह संचालित नहीं किया जा रहा है। प्रायः शहरों के आधारभूत ढांचे का निर्माण करते समय इस पर ध्यान ही नहीं दिया जाता कि इससे शहरी जीवन का समुचित तरीके से विकास होगा या नहीं? शहरों में आर्थिक-व्यापारिक गतिविधियों के केंद्र तो बना दिए जाते हैं, लेकिन इस पर कठिनाई से ही ध्यान दिया जाता है कि कामगार कहां रहेंगे या फिर उनका आवागमन कैसे होगा? जब शहर ट्रैफिक जाम, अतिक्रमण, प्रदूषण आदि समस्याओं से घिरते हैं तो उनकी उत्पादकता प्रभावित होने के साथ ही उनमें निवेश की संभावना भी कम होती है। अब जब यह स्पष्ट है कि शहरों में आबादी का दबाव बढ़ते ही जाना है, तब फिर उनके संतुलित एवं टिकाऊ विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। अभी ऐसा नहीं हो रहा है, इसलिए शहरों में झुग्गी-बस्तियां बढ़ती जा रही हैं और आवासीय क्षेत्र व्यावसायिक बनते जा रहे हैं। यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है कि आर्थिक सर्वेक्षण में दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के लिए जो योजनाएं शुरू करने



की जरूरत जताई गई है, उनकी पूर्ति करने के लिए राज्य सरकारें आगे आएं। वे यह समझें कि अपने शहरों का सही तरह विकास करना उनका ही काम है और यह इसलिए किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे ही समृद्धि आएगी।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 31 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1561 - मुग़ल बादशाह अकबर के संरक्षक बैरम ख़ाँ की गुजरात के पाटण में हत्या कर दी गई।
- 1606 - ब्रिटेन में तख़्त के ख़िलाफ़ साजिश करने वाले गाइफ़ाक्स को मौत के घाट उतार दिया।
- 1865 - अमेरिका में 'दासता उन्मूलन' संबंधी 13वां संशोधन विधेयक स्वीकृत हुआ।
- 1884 - रूसी फ़ौजों ने अफग़ानिस्तान के अमीर के मर्व छीन लिया।
- 1893 - ट्रेडमार्क 'कोका कोला' ट्रेडमार्क का अमेरिका में पहली बार पेटेंट किया गया।
- 1915 - 'प्रथम विश्व युद्ध' के दौरान जर्मनी ने रूस के ख़िलाफ़ ज़हरीली गैस का इस्तेमाल किया।
- 1946 - तत्कालीन सोवियत संघ के मॉडल के आधार पर यूगोस्लाविया का छह देशों में विघटन (सर्बिया, मोंटेनेग्रो, क्रोएशिया, स्लोवेनिया, बोस्निया-हर्जेगोविना, मैसेडोनिया) 1953 - आईरिश सागर में नौका दुर्घटना में कम से कम 130 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की मौत हो गई।
- 1957 - अबादान से तेहरान तक पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा हुआ।
- 1958 - अमेरिका ने पहले भू-उपग्रह का प्रक्षेपण किया।
- 1962 - अमेरिकी देशों के संगठन ने क्यूबा को न शामिल करने का फैसला किया।
- 1963 - मोर को भारत का राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया।
- 1966 - सोवियत संघ ने लूना कार्यक्रम के तहत मानवरहित लूना 9 स्पेशक्राफ्ट की लांचिंग की।
- 1968 - प्रशान्त महासागर में स्थित द्वीपीय देश नौरू को आस्ट्रेलिया से स्वाधीनता मिली।
- 1971 - पूर्व और पश्चिमी बर्लिन के बीच 19 साल के अंतराल के बाद फिर से टेलीफोन सेवा बहाल हुई।

## विशेष आलेख

# जब बचपन ही असुरक्षित हो जाए, तो देश कैसे सुरक्षित रहेगा



प्रो. आरके जैन

रात की खामोशी में दबा दी गई एक नन्ही बच्ची की चीख अब पूरे देश की अंतरात्मा को हिला रही है। 18 जनवरी 2026 की वह रात केवल दिल्ली के भजनपुरा (उत्तर-पूर्वी दिल्ली) इलाके की त्रासदी नहीं थी, बल्कि भारतीय समाज की नैतिक पराजय का प्रतीक बन चुकी है। 6 वर्ष की एक मासूम बच्ची को 3 नाबालिग लडक़ों, जिनकी उम्र 10, 13 और 14-15 वर्ष थी, ने बहला-फुसलाकर एक सुनसान इमारत में ले जाकर अमानवीय हिंसा का शिकार बनाया। खाने-पीने या छोटे लालच में फंसाई गई बच्ची जब घर लौटी, तो उसका शरीर जख्मों से भरा था, उसकी आवाज थम चुकी थी और उसके कदम साथ छोड़ चुके थे। यह केवल एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक असंवेदनशीलता का भयावह प्रमाण है। यह घटना उस झूठे विश्वास को तोड़ देती है कि अपराध केवल वयस्कों द्वारा ही किए जाते हैं। सच्चाई यह है कि अपराध उम्र से नहीं, वातावरण और सोच से जन्म लेता है। प्रश्न केवल यह नहीं कि अपराध किसने किया, बल्कि यह है कि ऐसी मानसिकता को पनपने का अवसर किसने दिया। जब इतनी कम उम्र में करुणा, सहानुभूति और भय समाप्त हो जाए, तो यह पूरे सामाजिक ढांचे पर गंभीर आरोप है। यदि आज इस सच्चाई को नजरअंदाज किया गया, तो आने वाला कल हर घर के लिए असुरक्षा का संदेश होगा। इस अमानवीय घटना के बाद अभिनेत्री भूमि पेडनेकर की प्रतिक्रिया एक साधारण सामाजिक पोस्ट तक सीमित नहीं रही, बल्कि वह पूरे समाज के लिए चेतावनी बनकर सामने आई। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा, 'वेक अप इंडिया! यह बच्ची हमारी सडक़ों पर सुरक्षित नहीं है।' उन्होंने अपराधियों को 'मॉन्स्टर्स' कहते हुए उस सोच पर प्रहार किया, जो अपराध के बाद बच निकलने का भ्रम पालती है। उनकी आवाज अकेली नहीं थी। पीडि़ता के परिजन सडक़ों पर उतरे, न्याय की मांग के साथ प्रदर्शन हुए और प्रशासन से जवाबदेही मांगी गई। मां ने बताया कि बच्ची घर पर है, लेकिन गहरे मानसिक आघात से जूझ रही है। यह आक्रोश तभी अर्थ पाएगा, जब समाज इसे क्षणिक संवेदना नहीं, बल्कि दीर्घकालिक जिम्मेदारी में बदले। नाबालिग अपराधी—यह शब्द अब केवल कानूनी शब्दावली नहीं रहा, बल्कि सामाजिक भय का पर्याय बन चुका है। 10 वर्ष की उम्र, जिसमें खेल, कल्पनाएं और सपने होने चाहिए, वहां हिंसा की विकृत छाया दिखाई दी। पुलिस जांच में सामने आया कि बच्ची को लालच देकर ले जाया गया और क्रूरता की सारी सीमाएं पार की गईं। इसके पीछे एक कड़वी सच्चाई छिपी है—अनियंत्रित डिजिटल प्रभाव। अश्लील सामग्री तक सहज पहुंच, माता-पिता की निगरानी का अभाव और विद्यालयों में यौन शिक्षा की कमी बच्चों की सोच को विकृत कर रही है। ये बच्चे भी सामाजिक उपेक्षा और गलत दिशा के शिकार हैं। प्रश्न यह है कि क्या समाज केवल सजा देकर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाएगा। कानून की भूमिका पर अब मौन घातक है। पॉस्को कानून और भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया, लेकिन जुवेनाइल कानून की सीमाएं बार-बार सामने आती हैं। 16 वर्ष से कम उम्र के अपराधियों पर वयस्कों जैसा मुकदमा नहीं चलता, चाहे अपराध कितना भी जघन्य क्यों न हो। पीडि़ता का परिवार कठोरतम दंड की मांग कर रहा है। दूसरी ओर, एक दृष्टिकोण यह भी है कि दंड के साथ पुनर्वास और मनोवैज्ञानिक उपचार आवश्यक है। न्याय केवल प्रतिशोध नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा भी है। यदि कानून अपराध को रोकने में असमर्थ है, तो उसमें परिवर्तन अपरिहार्य है। इस क्रूर घटना की जड़ें केवल कानून की खामियों में नहीं, बल्कि समाज की बनावट में गहराई तक फैली हैं। रिपोर्ट्‌स के अनुसार, आरोपी बच्चों में से कुछ पीडि़ता के परिवार से परिचित थे, लेकिन वही भरोसा हिंसा में बदल गया। यह विश्वासघात केवल व्यक्तिगत नहीं, सामाजिक है। परिवारों में संवाद की कमी, हिंसा से भरा मनोरंजन और संवेदनहीन माहौल बच्चों को कठोर बना रहा है। भजनपुरा जैसे इलाकों में खाली इमारतें और अंधेरी गलियां सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर करती हैं। विरोध प्रदर्शन जरूरी हैं, लेकिन वास्तविक परिवर्तन आत्ममंथन से ही संभव है। इस घटना का सबसे गहरा असर पीढियों तक महसूस किया जाएगा। मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि इतनी कम उम्र में हुआ यौन शोषण जीवन भर का मानसिक बोझ बन जाता है। भय, लज्जा और अविश्वास पीडि़ता के व्यक्तित्व का हिस्सा बन सकते हैं और इसका प्रभाव भविष्य की पीढियों तक पहुंचता है। आरोपी बच्चों के परिवार भी टूट चुके हैं। एक पिता ने स्वयं अपने बेटे को पुलिस के हवाले किया। समाज उन्हें भी अलग-थलग करेगा, लेकिन समाधान बहिष्कार में नहीं, समझ और सुधार में छिपा है। दंड से आगे बढक़र मानवीय उपचार की आवश्यकता है। मीडिया की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में निर्णायक हो जाती है। एक ओर उसने घटना को उजागर कर जागरूकता बढ़ाई, दूसरी ओर सनसनीखेज प्रस्तुति ने संवेदनशीलता को क्षति पहुंचाई। ग्राफिक विवरण बच्चों और समाज दोनों पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। मीडिया को यह तय करना होगा कि वह केवल खबरों का व्यापारी बनेगा या सामाजिक बदलाव का माध्यम। सुधार, पुनर्वास और सकारात्मक उदाहरण समाज को नई दिशा दे सकते हैं। नैतिक पत्रकारिता आज की अनिवार्य आवश्यकता है। अब रोकथाम की दिशा में ठोस और व्यावहारिक कदम उठाने होंगे। हर मोहल्ले में सामुदायिक सतर्कता समूह, बच्चों के लिए त्वरित सहायता प्रणाली और विद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य जांच अनिवार्य होनी चाहिए। खाली भवनों और असुरक्षित स्थानों की नियमित निगरानी की जाए। माता-पिता को बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जागरूक और प्रशिक्षित किया जाए। कानून और तकनीक का समन्वय बने। हम अक्सर प्रतिक्रिया देते हैं, रोकथाम को नजरअंदाज कर देते हैं। बदलाव घर से शुरू होगा और संवाद से मजबूत बनेगा। यह घटना केवल दिल्ली की नहीं, पूरे देश के विवेक पर पड़ा आघात है। ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी त्रासदियां अक्सर चुप्पी के अंधेरे में दबा दी जाती हैं। असली और अनकही सच्चाई है लैंगिक सामाजिककरण की कमी, जहां लडक़ों को भावनाएं व्यक्त करने के बजाय उन्हें दबाने की सीख दी जाती है।

# मानव शरीर में छिपी अपार शक्ति का रहस्य

### आत्मचेतना और ऊर्जा-जागरण की वैज्ञानिक यात्रा



डॉ. नयन प्रकाश गांधी

*नियमित ध्यान, प्राणायाम, संयमित जीवनशैली और आत्मचिंतन से व्यक्ति की मानसिक स्पष्टता, एकाग्रता और निर्णय क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है।*

मानव शरीर केवल हड्डी, मांस और रक्त का ढाँचा नहीं है, बल्कि यह ऊर्जा, चेतना और संकल्प का अत्यंत सूक्ष्म एवं सुव्यवस्थित तंत्र है। भारतीय योग और अध्यात्म परंपरा सदियों से यह मानती आई है कि मनुष्य के भीतर एक ऐसी आंतरिक शक्ति विद्यमान है, जो जागृत होने पर उसके विचार, व्यवहार और कार्यक्षमता को असाधारण स्तर तक पहुँचा सकती है। इसी कारण योग, ध्यान और साधना को आत्म-विकास की एक वैज्ञानिक प्रक्रिया माना गया है। नियमित ध्यान, प्राणायाम, संयमित जीवनशैली और आत्मचिंतन से व्यक्ति की मानसिक स्पष्टता, एकाग्रता और निर्णय क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। वह तनावपूर्ण परिस्थितियों में भी संतुलित रहता है और दीर्घकालिक लक्ष्यों पर केंद्रित रह पाता है। यह आंतरिक शक्ति किसी चमत्कार का परिणाम नहीं, बल्कि निरंतर अभ्यास और अनुशासन का स्वाभाविक फल है।

**मेरुदंड : मानव देह का शक्ति-स्तंभ :** भारतीय अध्यात्म-दर्शन के अनुसार मानव देह स्थूल, सूक्ष्म और कारण शरीर सहित संपूर्ण ब्रह्मांड की प्रतिमूर्ति है। शास्त्रों में मानव शरीर की गौरव-गरिमा इसी कारण विशेष रूप से वर्णित है। देह के भीतर स्थित कुछ विशिष्ट केंद्रों को आध्यात्मिक विज्ञान में शक्तिकेंद्र कहा गया है, जिनका आधार मेरुदंड अर्थात रीढ़ है।जिस प्रकार पृथ्वी का आधार मेरु पर्वत माना गया है, उसी प्रकार मानव देह का शक्ति-आधार मेरुदंड है। शिव संहिता और श्रीमद्भागवत में मानव शरीर को ब्रह्मांड का लघुरूप कहा गया है'यत्रेदं दृश्यते विश्वं भूतं भव्यं भवच्च सत।' अर्थात जो कुछ भूत, वर्तमान और भविष्य में है, वह सब मानव शरीर में निहित है।

**आंतरिक ऊर्जा का जागरण : आत्म-विकास का मार्ग :** योगशास्त्रों के अनुसार मेरुदंड के मध्य स्थित आंतरिक ऊर्जा-शक्ति को चेतना का मूल स्रोत माना गया है। यह शक्ति सामान्य अवस्था में सुप्त रहती है, किंतु अनुशासित साधना से इसके जागरण पर व्यक्ति के भीतर छिपी मानसिक, बौद्धिक और आत्मिक क्षमताएँ क्रमशः विकसित होने लगती हैं।मानव शरीर में ऊर्जा के प्रवाह के लिए हजारों सूक्ष्म नाडियाँ बताई गई हैं, जिनमें संतुलन स्थापित होने पर व्यक्ति की चेतना अधिक जागरूक, स्थिर और रचनात्मक बनती है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य किसी रहस्यमय अनुभव से अधिक व्यक्तित्व-परिष्कार और जीवन-संतुलन है।

**षट्चक्र : चेतना-विकास के सोपान :** मेरुदंड के मार्ग में स्थित ऊर्जा-केंद्रों को चेतना-विकास की सीढियाँ कहा गया है। इन केंद्रों के सक्रिय होने से व्यक्ति में स्थैर्य, आत्मविश्वास, करुणा, विवेक, संकल्प-शक्ति और अंतर्ज्ञान का विकास होता है। परिणामस्वरूप उसका जीवन अधिक मूल्यनिष्ठ, अनुशासित और उद्देश्यपूर्ण बनता है।

**आधुनिक नेतृत्व और साधना: प्रेरक उदाहरण :** आंतरिक शक्ति और चेतना-जागरण केवल साधु-संतों तक सीमित अवधारणा नहीं है। आधुनिक युग में इसका प्रेरक उदाहरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन में देखा जा सकता है। उन्होंने अनेक अवसरों पर स्वीकार किया है कि योग, ध्यान और साधना उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रहे हैं।

## लघुकथा

बढ़ता राजस्थान

# राम से बड़ा राम का नाम

ये वक्तवय तो सभी ने सुना होगा कि आखिर राम से बड़ा राम का नाम कैसे है। संत बल्लभाचार्य जी महाराज बताते थे कि राम से बड़ा सच में राम का नाम ही है। जब लंका पर विजय पताका फैलाने के लिए वानर सेना के साथ भगवान श्री राम व कालस्वरूप लक्ष्मण वहां साथ चल रहे थे। तो राम लिखे हुए पत्थर पानी में तैर रहे थे भगवान राम ये चमत्कार देख अकेले कुछ दूर आगे तक चले गए उन्होंने सोचा कि अब मैं स्वयं ही पत्थर फैंकता हूं देखू क्या होता है। उन्होनें एक पत्थर फैंका वो डूब गया,दूसरा फैंका वो भी डूब गया,तीसरा जरा जोर लगाकर फैंका वो ओर भी जोर से डूब गया। राम हडबड़ाए उन्होंने तुरंत आसपास देखा कि कहीं कोई देख तो नहीं रहा,उन्होंने देखा एक वृक्ष की ओट लिए हनुमान जी मुस्कुरा रहे थे। उन्होंने पूछा हनुमान तुम यहां कब से खड़े हो ?हनुमानजी बोले प्रभु जब तुमने पहला पत्थर फैंका तभी से खड़ा हूं.. हनुमान की बात सुनकर अब राम कहने लगे पूरी वानर सेना में बात फैल जाएगी कि प्रभु के हाथ से पत्थर डूब रहे हैं। ऐसे में तो बड़ी किरकरी हो जाएगी। उन्होंने कहा देख ले हनुमान मेरे फैंके हुए पत्थर तो तैर ही नहीं रहे जबकि मेरे नाम के पत्थर तैर रहे हैं। हनुमान बोला प्रभु आपके नाम में और आपके हाथ में अंतर है। आपका नाम तो जीव को भवसागर से पार लगाने वाला है लेकिन आपका हाथ तो आपका हाथ ही है। प्रभु जब जीव सब तरफ से भटक कर आपके हाथों तक आ ही गया,लेकिन आप उसे संजोए रहने की अपेक्षा फैंक दें,दुत्कार दें तो उसका डूबना तो तय ही है। आपके नाम की महिमा ही इतनी अपरमपार है प्रभु कि गहरे पानी में भी पत्थर को तैरा देती है।

**रूपक शर्मा**
**संपादकीय प्रभारी,अलवर**

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# मूली के साथ भूलकर भी न खाएं ये चीजें, शरीर में बन सकता है 'जहर' और खराब हो सकती है स्किन

1. दूध और मूली- मूली खाने के तुरंत बाद या साथ में दूध पीना सबसे खतरनाक माना जाता है। मूली की तासीर गर्म होती है और दूध की ठंडी। इन दोनों का मेल शरीर में रासायनिक बदलाव लाता है, जिससे सफेद दाग , सोरायसिस और अन्य स्किन एलर्जी का खतरा बढ़ जाता है। मूली खाने के कम से कम 2-3 घंटे बाद ही दूध का सेवन करें।

2. खीरा और मूली- अक्सर हम सलाद में खीरा और मूली एक साथ खाते हैं, लेकिन यह गलत है। खीरे में 'एस्कॉर्बिनेज' नामक एंजाइम होता है, जो विटामिन-सी को अवशोषित करने में मदद करता है। लेकिन जब इसे मूली (जिसमें विटामिन-सी भरपूर है) के साथ खाया जाता है, तो यह विटामिन-सी के अवशोषण को बाधित कर देता है, जिससे पोषण नहीं मिलता और पेट में भारीपन महसूस हो सकता है।

3. संतरा और मूली- मूली और संतरे का मेल सेहत के लिए 'जहर' की तरह काम कर सकता है। संतरा एसिडिक होता है और मूली के साथ इसका सेवन पाचन तंत्र को पूरी तरह बिगाड़ सकता है। यह न केवल गंभीर एसिडिटी और सीने में जलन पैदा करता है, बल्कि किडनी की समस्याओं के लिए भी जिम्मेदार हो सकता है।

4. करेला और मूली -करेला और मूली दोनों ही औषधीय गुणों से भरपूर हैं, लेकिन इनका साथ में सेवन करना खतरनाक है। इन दोनों की तासीर का मेल शरीर के रिएक्शन को ट्रिगर कर सकता है, जिससे सांस लेने में दिक्कत और दिल पर बुरा असर पड़ सकता है। इन्हें हमेशा अलग-अलग समय पर ही खाएं।

5. चाय और मूली -मूली के पराठे और गरमा-गरम चाय का कॉम्बिनेशन बहुत लोकप्रिय है, लेकिन यह सेहत के लिए बेहद हानिकारक है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी दूर रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

### वृष

आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आपके घर परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा और किसी शुभ और मांगलिक का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

### मिथुन

आज आपको अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखना होगा, क्योंकि आपके मनमौजी स्वभाव के कारण परिवार के सदस्य भी परेशान रहेंगे। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको वाहनों का प्रयोग सावधान रहकर करना होगा और आप अपनी संतान को कहीं घूमाने-फिराने लेकर जाएंगे।

### सिंह

आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढिय़ा रहने वाला है, उन्होंने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढऩे के लिए रहेगा, जो जातक नौकरी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं, उन्हें भी किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

### तुला

आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आपको राजनीति में कोई बड़ा पद मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप बड़े सदस्यों के साथ मिलकर कुछ पारिवारिक मामलों को लेकर बातचीत करेंगे।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए कुछ खास रहने वाला है। आपको कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी, लेकिन आपको बिजनेस में भी फायदा होगा। यदि आपने काम को लेकर किसी से धन उधार लेने का सोचा था।

### धनु

आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आप अपनी जरूरत को बढ़ाने के सोर्सो पर पूरा ध्यान देंगे और संतान को किसी कोर्स में दाखिला दिलाने के लिए कहीं बाहर भी जाना पड़ सकता है।

### मकर

आज आपको एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी, लेकिन आप अपनी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रखेंगे और यदि आपने किसी नए काम को करने का सोचा था।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी और आपको अपनी जिम्मेदारियों को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं करनी है।

### मीन

आज का दिन आपके लिए कुछ समस्याएं लेकर आएगा। यदि आपने अपने कामों को समझदारी दिखाते हुए निपटाएंगे, तो उनसे आप आसानी से बाहर निकाल सकेंगे, क्योंकि जीवनसाथी की आपकी कोई बात बुरी लग सकती है।

# फरवरी में बिजली बिल मारेगा करंट 'फ्यूल सरचार्ज' की वसूली के आदेश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भले ही राज्य में जबरदस्त कड़ाके की सर्दी पड़ रही है लेकिन इसी सर्दी के बीच राजस्थान में बिजली उपभोक्ताओं को फरवरी माह में बिजली बिल करंट मारेगा। चौंकिये मत! विद्युत निगमों के लिए नया आदेश जारी हुआ है। जिसमें नवंबर में खर्च बिजली के लिए फरवरी में फ्यूल सरचार्ज की वसूली होगी। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक जयपुर डिस्कॉम बिजली उपभोक्ताओं से 28 पैसे/यूनिट दर से फ्यूल सरचार्ज की वसूली करेगा। यह सरचार्ज सभी श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं से वसूला जाएगा। राजस्थान इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमिशन (आरईआरसी) की ओर से टैरिफ निर्धारण के नियम और शर्तें विनियम 2025 के तहत आदेश दिया गया है। जयपुर डिस्कॉम



एसई (कॉमर्शियल) टीसी सिंघल ने आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार गत नवंबर में खर्च बिजली के लिए आगामी फरवरी में वसूली की जाएगी। 'आधार ईंधन अधिभार' 20 पैसे प्रति यूनिट अधिक वसूल किया जाने का आदेश है।

बिजली उपभोक्ताओं से बेस फ्यूल सरचार्ज की दर प्रति यूनिट वसूली जा रही है। गत वर्ष तक त्रैमासिक ईंधन अधिभार की वसूली भी रुपए प्रति यूनिट से की जाती थी, लेकिन अप्रेल 2025 से मासिक 'ईंधन विद्युत क्रय समायोजन अधिभार' की दर रुपए प्रति यूनिट के बजाय ऊर्जा प्रभार और स्थाई प्रभार पर प्रतिशत के रूप में निर्धारित किया जा रहा है। अतिरिक्त ईंधन और विद्युत क्रय व्यय केवल ऊर्जा प्रभार को प्रभावित करता है। ऐसे में ईंधन अधिभार केवल ऊर्जा प्रभार पर ही लगना चाहिए। स्थायी प्रभार पर भी इसमें जोडऩा अनुचित है।

### नए आदेश में इनका जिक्र

गत नवम्बर के खपत माह के लिए फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज 0.01 प्रतिशत लागू किया है, जो गत दिसम्बर के एनर्जी चार्ज और फिक्स्ड चार्ज पर वसूला जाएगा। सरचार्ज की राशि सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं से नवंबर की खपत में दी गई बिजली पर वसूला जाएगा। सरचार्ज की दरों की ऑडिटर आरटीपी एंड कंपनी की ओर से की जाएगी।घरेलू उपभोक्ताओं से 100 यूनिट/माह तक की खपत पर 70 पैसे/यूनिट और शेष घरेलू और अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं से 1 रुपए/यूनिट का रेगुलेटरी सरचार्ज पहले से ही लिया जा रहा है। यह सरचार्ज आयोग टैरिफ विनियम के अनुसार लगने वाले फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज का संयोजन है। इसलिए, यह सरचार्ज उपभोक्ताओं से अलग से नहीं लिया जाएगा।जिन उपभोक्ताओं से दिसम्बर के बिलिंग माह के दौरान शून्य खपत या नेट निर्यात के कारण फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज नहीं लिया जा सका उनसे लिया जाएगा।

### एक्सपर्ट ये बोले

गत नवंबर में अधिक वसूल 'ईंधन अधिभार' राशि का समायोजन नहीं हुआ है। आदेश में 'गणना प्रपत्र में स्रोत वार बिजली खरीद और स्वीकृत दर भी संलग्न नहीं की है। इसके लिए डिस्कॉम्स चेयरमैन से पत्राचार किया है। इस साल में 'मासिक ईंधन अधिभार' की दर लगातार 'आधार ईंधन अधिभार' से कम आ रही है। अप्रेल से नवम्बर 2025 तक की निर्धारित 'ईंधन अधिभार' की दर को भी केवल ऊर्जा प्रभार पर ही रुपए प्रति यूनिट में निर्धारित करना चाहिए। ऐसे में अप्रेल से अक्टूबर 2025 तक की गई 1.72 प्रति यूनिट की अधिक वसूली का समायोजन होना चाहिए। 'आधार ईंधन अधिभार' वसूली बंद करने का आदेश भी जल्द जारी होना चाहिए।

**इंजीनियर येवंती कुमार बोलिया, रिटायर्ड एसई व ऊर्जा सलाहकार**

## टोंक से हजारों युवाओं ने जयपुर में युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में लिया भाग



बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोतम जोशी) ।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष व युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में टोंक से हजारों युवाओं ने नवनियुक्त युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा के जयपुर भाजपा कार्यालय में पदभार ग्रहण कार्यक्रम में भाग लिया।इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि संगठन में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होती हैं।भाजपा की पहचान युवा मोर्चा से है और 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने की जिम्मेदारी युवाओं पर है। भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता पार्टी की असली ताकत है युवा मोर्चा के कार्यकर्ता के तौर पर हम जब जुटते हैं और हमारा संगठन मजबूत होता है और हमारी भूमिका भी तय होती है।युवा मोर्चा हमारे लिए एक बेहतर प्रशिक्षण केन्द्र जैसा है।उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा का एक-एक कार्यकर्ता जब यह ठान लेता है कि हमें परिवर्तन के लिए जुटना है तो परिवर्तन निश्चित होता है।चंद्रवीर सिंह चौहान के साथ जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया, विष्णु शर्मा,उपाध्यक्ष राजेंद्र सैनी, राधेश्याम चावला राजेश मंगल, दशरथ सिंह राजावत,चरण सिंह चौधरी बलवंत मराठा, भगवानदास सैनी, सुरेश खटाना,देवराज गुर्जर, नवरत्न वर्मा रविंद्र कुमावत, पंकज पहाडिय़ा, आरव सिसोदिया, मनीष बैरवा, लवेश मीणा, आशीष शर्मा, शंकर चौधरी, उम्मेद चौधरी, सुभाष सैनी , तोसिफ खान, राजा बाबू खींची, पंकज शर्मा, इमरान खान, रामलाल जाट सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोटड़ी मे जन आंदोलन सभा के बाद जयपुर कूच करते नरेश मीना के काफिले को प्रशासन ने आमली सोप मोड़ पर रोका



बढ़ता राजस्थान

**उनियारा/टोंक (आनंद गौतम)।** नरेश मीना द्वारा 11 सूत्री मांगो को लेकर पूर्व घोषित जन आंदोलन सभा का आयोजन कोटड़ी मोड़ पर किया गया इस दौरान लगभग 4 से 5 हजार लोग सभा स्थल पर पहुचे। नरेश मीना लगभग दो बजे अपने 2 दर्जन से अधिक गाडिय़ों के काफिले के साथ सभा स्थल पर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सभी समाज के नेता उपस्थित रहे। वक्ताओ ने नरेश मीना के संघर्ष की तारीफ की। नरेश मीना के बेटे अनिरुद्ध मीना ने जनसेलाब से निवेदन किया की इस आंदोलन को शांति पूर्वक चलाये। वही नरेश मीना ने अपने भाषण मे कहाँ की मे समरावता कांड ओर विभिन्न कारणों से जेल मे बंद होने के कारण आप के बीच नहीं आ पाया अब मे आपके साथ हूँ ओर आपकी समस्याओ के लिये लड़ूंगा उन्होंने कहा की उनकी प्रशाशन से कल वार्ता हुई थी जिनमे कूछ के लिए प्रशाशन ने समय माँगा था मगर उनमे से कोई मांग अभी पूरी नहीं हुई हे इसलिए अब हम जयपुर मांगो को मनवाने के लिये कूच करेंगे ओर रात्रि विश्राम अलीगड मे करेंगे।कूच के बाद नरेश मीना को अलीगढ से चार किलोमीटर पहले आमली मोड़ पर पुलिस प्रशासन द्वारा बेरीकेट लगा कर रोक लिया गया हे जहाँ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव ओर ्रस्रद्ब रामरतन सोक्रिया उनसे बात कर उन्हें समझाने का प्रयास कर रहे है वही नरेश मीना अलीगढ दशहरा मैदान मे रात्रि विश्राम करने के लिए जाने की बात पर अड़े है मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है।

## 'स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान' का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**टोंक(पुरूषोतम जोशी) ।** जिले में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का आगाज हुआ। जिले में 30 जनवरी से 13 फरवरी तक 'स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान' आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान में जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर तक कुष्ठ रोग निवारण के लिए विभिन्न गतिविधियॉ आयोजित की जायेगी, जिसमें कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी देना, भ्रांतिया दूर करना, नए मरीजों की खोज कर उन्हें इलाज की सुविधा प्रदान करना है। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष कुष्ठ दिवस की थीम 'कुष्ठ रोग का ईलाज संभव है, असली चुनौती तो सामाजिक कलंक है । इस हेतु संपूर्ण जिले में अनेक जागरूकता गतिविधियां हुई चिकित्सा संस्थानों पर स्वास्थ्य कर्मियों ने कुष्ठ रोग जागरूकता शपथ का आयोजन किया गया एवं चिकित्सा संस्थानों पर आने वाले मरीजों को कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारियां प्रदान की एवं भ्रांतियां को दूर किया। इसी के अंतर्गत जिला स्तर पर एएनएम ट्रेंनिंग सेंटर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के अंतर्गत डॉ राहुल श्रीवास्तव ने नर्सिंग विद्यार्थियों को कुष्ठ रोग संबंधित जानकारी दी। इस मौके पर डाटा मैनेजर राजेश सैनी, एलिस, आशा प्रजापत एवं लक्ष्मी यादव उपस्थित रहे। सीएमएचओ डॉ शैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि कुष्ठ रोग छूने से नहीं फैलता है। कुष्ठ रोग एक जीवाणु संक्रमण है जो आपकी नसों, मांसपेशियों, आँखों, त्वचा और श्वसन तंत्र को नुकसान पहुँचा सकता है।



## राठौड़ बने देवली उनियारा विधानसभा सोशल मीडिया संयोजक

बढ़ता राजस्थान


**नगर फोर्ट/टोंक( कमलेश गौतम)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की सहमति से टोंक भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने प्रद्मन सिंह राठौड़ देवपुरा कला को देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र का भारतीय जनता पार्टी का सोशल मीडिया संयोजक नियुक्त किया राठौड़ ने जिला प्रभारी भाजपा जितेंद्र शर्मा ,जिला सहप्रभारी भाजपा रामानंद गुर्जर, देवली उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर,ककोड़ मंडल अध्यक्ष भाजपा महावीर गुर्जर,भाजपा परिवार और शीर्ष नेतत्व का आभार व्यक्त किया।



## बड़ा फैसला: जर्जर भवनों पर सरकार सख्त, अब तय होगी स्कूल भवनों की 'एक्सपायरी डेट'

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** प्रदेश में जर्जर विद्यालय भवनों की समस्या को लेकर राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने विधानसभा में घोषणा की कि राज्य के सभी जर्जर स्कूल भवनों की चरणबद्ध तरीके से मरम्मत कराई जाएगी और भविष्य में बनने वाले नए भवनों के निर्माण की तिथि, मरम्मत तिथि तथा अंतिम उपयोग तिथि भी निर्धारित की जाएगी। इससे भवनों की समय-समय पर निगरानी संभव होगी और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सकेगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन वर्तमान सरकार इस दिशा में जवाबदेही के साथ काम कर रही है। उन्होंने बताया कि 30 लाख रुपये से अधिक लागत वाले भवनों का सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा



थर्ड पार्टी ऑडिट कराया जाता है। अब कम लागत वाले भवनों की गुणवत्ता जांच के लिए आईटीआई और पॉलिटेक्निक कॉलेजों को भी जोड़ा जाएगा, जिससे तकनीकी और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सकेगी। दिलावर ने कहा कि भवनों को सीलन और जलभराव से बचाने के लिए वाटरप्रूफिंग, छतों की नियमित सफाई और उचित ढलान जैसी व्यवस्थाएं भी की जाएंगी। जर्जर भवनों की पहचान की प्रक्रिया को भी तेज किया गया है। विद्यालय प्रबंधन समिति की रिपोर्ट के बाद निरीक्षण कर भवन को जर्जर घोषित किया जाएगा और अधिकतम एक माह के भीतर उसे जमींदोज करने की कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने अगस्त 2025 में कराए गए सर्वे का हवाला देते हुए बताया कि प्रदेश के 3,768 स्कूल भवन जर्जर स्थिति में हैं, जिनमें से 2,558 को जर्जर घोषित किया जा चुका है। शेष भवनों की प्रक्रिया जारी है। वहीं 45,365 राजकीय विद्यालयों में से 41,178 में वृहद मरम्मत की आवश्यकता सामने आई है। राज्य मद से 2,000 विद्यालयों के लिए 174 करोड़ 97 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार ने भी 1,000 करोड़ रुपये की सहायता देने का आश्वासन दिया है। बाढ़ और अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त 20,383 विद्यालयों की मरम्मत एसडीआरएफ के तहत कराई जाएगी।

## जिला कारागृह सवाई माधोपुर का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर पीठ द्वारा विचाराधीन प्रकरण सिंगल बेंच सिविल रिट पिटिशन संख्या 11417/2008 में दिनांक 15 जनवरी 2026 को पारित आदेश की पालना में श्री देवेंद्र दीक्षित जिला एवं सेशन न्यायाधीश सवाई माधोपुर, समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर एवं आशुतोष सिंह आढ़ा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सवाई माधोपुर द्वारा शुक्रवार को जिला कारागृह सवाई माधोपुर का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान जिला कारागृह के उपाधीक्षक बिहारी लाल से राजस्थान जेल नियम 2022 के अनुसार बंदियों के लिए पीने योग्य पानी की उपलब्धता, पानी के स्रोत, पानी के लिए स्टोरेज टैंक की उपलब्धता एवं उनकी साफ-सफाई, वॉटर एनालिसिस रिपोर्ट, आपातकालीन उद्देश्यों के लिए भूमिगत जल की उपलब्धता, स्नानागार की उपलब्धता एवं उनकी साफ-सफाई, बंदियों के नहाने और कपड़े धोने के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था, कपड़े धोने के लिए डिटर्जेंट और साबुन की सप्लाई, बंदियों के अनुपात में टॉयलेट की उपलब्धता, शौचालय की साफ-सफाई, बैरकों की साफ-सफाई आदि के संबंध में जानकारी ली गई । निरीक्षण के दौरान बंदियों की समस्याओं को सुनकर बंदियों द्वारा बताई गई समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु जिला कारागृह के उपाधीक्षक बिहारीलाल को निर्देश प्रदान किए! दौराने निरीक्षण चीफ एलएडीसी राधेश्याम जोगी आदि उपस्थित रहे।



## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किए श्रद्धासुमन अर्पित



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि (शहीद दिवस) पर शुक्रवार को गांधी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं शहीदों को याद किया गया। इस दौरान गांधी जी के प्रिय भजनों 'वैष्णव जन तो तेने कहिये, रघुपति राघव राजा राम, श्री राम जय राम, तू ही है तो सहारा' का गायन किया। इस दौरान जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, सीईओ परशुराम धानका एवं जिले के प्रशासनिक अधिकारी समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने मौन रखकर बापू को स्मरण किया।

## शहीद दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को अर्पित की श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** शहीद दिवस के अवसर पर गृह मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार शुक्रवार को गुलाब बाग स्थित गांधी पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कलक्टर काना राम एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर महात्मा गांधी सहित देश के अमर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। जिला कलक्टर काना राम ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को गांधी दर्शन को समझकर जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सत्य और अहिंसा का मार्ग केवल इतिहास नहीं, बल्कि आज भी जीवन और राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जीवन में लक्ष्य प्राप्त करते समय साध्य के साथ-साथ साधनों की पवित्रता भी उतनी ही आवश्यक है। गुलाब बाग में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में सरस्वती वंदना, गुरु वंदना, रामधुन, गायत्री मंत्र, बौद्ध, इस्लाम एवं जैन धर्म की प्रार्थनाएं तथा बापू के प्रिय भजन 'रघुपति राघव राजा राम', 'वैष्णव जन तो तेने कहिए', 'दे दी हमें आज़ादी बिना खड्ग बिना ढाल' सहित अन्य राष्ट्रभक्ति एवं शांति संदेश देने वाले भजनों का सामूहिक गायन किया गया। सभा में शांति, सद्भाव और मानवता के मूल्यों को अपनाने का संकल्प भी लिया गया। इस दौरान जिला कलक्टर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों, कार्मिकों, कर्मचारियों, स्कूली विद्यार्थी, स्काउट-गाइड्स एवं आम लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी गौरव मित्तल, संयुक्त निदेशक कृषि राकेश कुमार अटल, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मीना लसाडिया, जिला शिक्षा अधिकारी हरकेश मीना, उप निदेशक सामाजिक न्याय मनोज कुमार गहलोत, स्काउट सचिव महेश सेजवाल, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली विद्यार्थी, स्काउट-गाइड्स एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



**एसडीओ कोर्ट का स्थगन होने के बावजूद खसरा संख्या 4075 पर रोड बनाने निविदा जारी की नगर पालिका ने**

## देवली नगर पालिका पर गरीब किसान के खेत से जबरन रोड निकालने का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** शुक्रवार को यहां घोसी समाज के दर्जनों व्यक्ति किसान हरिराम के समर्थन में उपखंड कार्यालय पहुंचे जहां किसान हरिराम ने समर्थकों के साथ उपखंड अधिकारी रूबी अंसार को ज्ञापन सोपते हुए बताया कि किसान हरिराम की खातेदारी की कृषि भूमि खसरा संख्या 4075 वाके तंग्राम देवली गांव पटवार हल्का देवली तहसील है।जिस पर देवली एसडीओ कोर्ट का स्थगन किसान हरिराम को प्राप्त है। स्थगन का अंकन चालू जमाबंदी में दर्ज होने के बावजूद देवली नगर पालिका अपनी मनमानी करते हुए उक्त भूमि पर जबरन रोड बनाने की हटधर्मिता अपनाये हुए हैं। इस दौरान हरिराम ने नगर पालिका पर आरोप लगाते हुए जरिए ज्ञापन मे उपखंड अधिकारी को यह भी बताया कि नगर पालिका उसे कई सालों से परेशान करती चली आ रही है। नगर पालिका के पूर्व बोर्ड ने भी उसकी कृषि भूमि पर जबरन कब्जा करते हुए खसरा संख्या 4073 का हवाला देकर उसके खेत में जबरन सामुदायिक भवन का निर्माण करवा दिया। किसान हरिराम ने ज्ञापन में उपखंड अधिकारी को बताया कि उसकी कृषि भूमि पर पूर्व में नगर पालिका ने सामुदायिक भवन निर्माण करवा दिया था। जिस पर भी अजमेर रेवेन्यू कोर्ट से उसे अपने पक्ष में स्थगन प्राप्त है, किसान हरिराम ने उपखंड अधिकारी को यह भी बताया कि देवली सीआईएसएफ ने देवली गांव के पुराने रास्ते पर कब्जा करके बाउंड्री बनवा दी है। ऐसे में उल्लेखनीय है कि, सीआईएसएफ की बाउंड्री बनने के बाद कई वर्षों से देवली गांव से आने जाने वाले राहगीरों को यहां भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वर्तमान में देवली गांव के राहगीर खसरा संख्या 4075 मे से होकर गुजर रहे हैं। ऐसे मे गरीब किसान ने मीडिया को यह भी बताया कि देवली नगर पालिका उसकी कृषि भूमि में से देवली गांव जाने के लिए जबरन रोड बनाने पर आमादा बनी हुई,, इस वजह को लेकर उसे मानसिक पीड़ा पहुंच रही है और आर्थिक संकट बना हुआ है। गरीब किसान हरिराम ने नगर पालिका प्रशासन पर आरोप लगाते हुए उपखंड अधिकारी को बताया कि देवली नगर पालिका एसडीओ कोर्ट और रेवेन्यू बोर्ड कोर्ट के स्थगनो के विरुद्ध जाकर, दोनों न्यायालय के आदेशों की अवहैलना कर रही है,, यहां हरिराम ने उपखंड अधिकारी से गुहार लगाई है कि उसकी कृषि भूमि खसरा नंबर 4075 की मौके स्थिति में कोई परिवर्तन नहीं करने एवं स्थगन की पूर्ण पालना करने के लिए नगर पालिका प्रशासन को पाबंद किया जाऐ। इस दौरान ज्ञापन देने नितेश ग्वाला सोनू घोसी,बहादुर घोसी बहादुर भीम ग्वाला अनिल ग्वाला, राघव ग्वाला ,कालू ग्वाला,सुनील घोसी, मंगल ग्वाला, राहुल ग्वाला,अनिल भानु ग्वाला, चन्नी देवी,अनीता देवी, लाली देवी,सुशीला, कलावती देवी,भगवती देवी, कविता देवी,सहित दर्जनों समर्थक किसान हरिराम के साथ मौजूद रहे।



# जोधपुर की टीम ने पिण्डवाड़ा में पकड़ा डोडा-पोस्त से भरा ट्रक

## • तस्करों की नकेल कसने में नाकाम हो रही लोकल पुलिस • मुख्य मार्ग होने के बावजूद इनके हाथ आ रहे बड़े तस्कर

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** पिण्डवाड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार रात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए डोडा-पोस्त से भरा ट्रक जब्त किया है। यह माल मध्यप्रदेश से बाड़मेर जा रहा था। कार्रवाई पुलिस की जोधपुर से आई रेंज की स्पेशल टीम ने की है। डोडा-पोस्त की इस बड़ी खेप के साथ ही पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उधर, डोडा-पोस्त तस्करी का मुख्य मार्ग होने के बावजूद लोकल पुलिस तस्करों की धरपकड़ करने में नाकाम साबित हो रही है। हां, औपचारिक रूप से पकड़ में आए कुछ मामलों से आंकड़ों का टारगेट जरूर दिखाया जा रहा है।

### पकड़ा 2.87 करोड़ का डोडा-पोस्त

पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल शिवरान ने बताया कि मोरस के समीप राजमार्ग पर रेंज स्पेशल टीम के साथ संयुक्त कार्रवाई में ट्रक पकड़ा है। इसमें 19 क्विंटल 14 किलो 800 ग्राम डोडा-पोस्त बरामद किया गया। ट्रक आरजे 19 जीके 2529 को जब्त कर बाकासर सरली (बाड़मेर) निवासी जेठाराम पुत्र बोहराराम जाट को गिरफ्तार कर लिया गया। बरामद माल की अनुमानित कीमत पौने तीन करोड़ रुपए आंकी जा रही है।






**तस्कर वाहन छोड़ भाग गए थे-** गत वर्ष दिसम्बर माह में पिण्डवाड़ा में जनापुर चौराहे पर एक लग्जरी वाहन में करीब तीन क्विंटल डोडा-पोस्त भरा मिला था। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई रेंज से आई टीम ने की थी। टीम पीछा कर रही थी एवं भागने के चक्कर में वाहन डिवाइडर पर चढ़ गया। तस्कर इसे छोड़कर भाग गए। बाद में लोकल पुलिस ने इसे अपनी उपलब्धि दर्शाते हुए फोटो सेशन भी करवाया।

**सजगता नहीं दिखा रही लोकल पुलिस-** डोडा-पोस्त तस्करी का सिल्क रूट होने के बावजूद पिण्डवाड़ा थाना पुलिस ज्यादा सजग नहीं दिख रही।

यही कारण है कि दो माह में इस तरह की दो बड़ी कार्रवाई भी जोधपुर रेंज से आई स्पेशल टीम ने अंजाम दिया। महज एक दिन पहले ही एक एस्कॉर्ट वाहन लोकल पुलिस के हाथ लगा। इससे पीछे आ रही अन्य कार का सुराग मिला, लेकिन वह कार रोहिड़ा थाना क्षेत्र में घुस गई। हालांकि वहां कार पकड़ 40 किलो डोडा-पोस्त जब्त कर लिया, लेकिन एस्कॉर्ट वाहन पकड़ते समय ही सजगता दिखाते तो डोडा-पोस्त से भरी कार भाग नहीं पाती।

**लोकल पुलिस की दबंगई तो है ही-** वैसे थाना क्षेत्र में पुलिस की दबंगई का अंदाज तो इसी से लगाया जा सकता है कि पुलिस कांस्टेबल बस चालकों को धमका देती हैं और उसका वीडियो तक वायरल होता है। थानाधिकारी महेंद्र सिरवी के जोधपुर व बाड़मेर जिला क्षेत्र में तैनात रहते हुए पिछले कार्यकाल का रिकॉर्ड भी देखा जा सकता है।

# एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण शिविर आयोजित, प्राकृतिक खेती पर जोर

## किसानों को जीवामृत, बीजामृत व प्राकृतिक तकनीकों की जानकारी दी




बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत द्वारिकपुरा में कृषि विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना एवं रासायनिक खेती के विकल्प के रूप में टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना रहा। प्रशिक्षण शिविर में एक्सेस डेवलपमेंट से लोकेंद्र सिंह ने किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व, उसके लाभ एवं व्यावहारिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र तथा घनजीवामृत जैसे प्राकृतिक इनपुट तैयार करने की विधि, उनके उपयोग और फसलों पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों को सरल भाषा में समझाया। शिविर में उपस्थित कृषि पर्यवेक्षक सुरज शर्मा ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए इसके पर्यावरणीय, स्वास्थ्यगत एवं आर्थिक लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से न केवल लागत कम होती है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता और फसलों की गुणवत्ता भी बेहतर होती है। प्रशिक्षण शिविर में लगभग 40 से 50 किसानों ने भाग लिया। अंत में कृषि पर्यवेक्षक ने किसानों से आह्वान किया कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को अपने खेतों में प्रयोग में लाकर प्राकृतिक खेती को सफल बनाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करें।

# देशभक्ति गीत कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** महावीर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स द्वारा संचालित महावीर जैन विद्यालय संस्थान में देशभक्ति गीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था संस्थापक डॉ. हिम्मत लाल वया एवं अरुण बया, विशिष्ट अतिथि संस्था संस्थापिका श्रीमती कुसुमलता वया थी, जबकि अध्यक्षता संस्था निदेशक डॉ.आशीष वया ने की। कार्यक्रम में संस्थान के बालकों ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी तो संपूर्ण परिसर देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं समूह गीत रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ.हिम्मत लाल वया ने कहा कि संविधान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। स्वागत उदबोधन महावीर महाविद्यालय प्राचार्या डॉ.निर्मला पुरोहित ने दिया।

इस अवसर पर महावीर जैन विद्यालय संस्थान के प्रतिनिधिगण, व्याख्यातागण एवं प्रशिक्षणार्थियों ने सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई तथा कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती नीलम मोदी, कार्यालय अधीक्षक अशोक जैन, सहायक आचार्य दीपक कुमार ननोमा, व्याख्यातागण श्रीमती संगीता पालीवाल, सुनील पालीवाल, रोशन लाल सालवी, मितेश कुमार शर्मा, वंदना माली, भेरूलाल मेघवाल एवं रोहित राव व छात्राध्यापक ने अपना सहयोग प्रदान किया। धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती कृष्णा पालीवाल द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य डॉ. भैरूदास वैष्णव द्वारा किया गया।

# अंडमान में सुर संगम की शानदार जीतः डॉ. पूर्वा अग्रवाल, हिनाया, यामी और जियाना ने जीते 5 अवॉर्ड



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सुर संगम संस्था की बालिकाओं ने कथक में गुरु रेणू गोरेर के निर्देशन में अंडमान द्वीप समूह में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 अवार्ड जीते। अंडमान द्वीप समूह के श्री विजयापुरम में आयोजित प्रतिष्ठित एशियन डांस समिट में उदयपुर के कलाकारों ने सफल प्रदर्शन किया है। शहर की संस्था सुर संगम म्यूजिक एंड डांस एकेडमी के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया। एकेडमी की गुरु और कोरियोग्राफर श्रीमती रेणू गोरेर के नेतृत्व में टीम ने कथक, लोक और सेमी-क्लासिकल नृत्य में कुल 5 पुरस्कार प्राप्त किए हैं। इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर टीम की उपलब्धि पर उन्हें मुख्य अतिथि प्रसिद्ध इंटरनेशनल परफॉर्मर और सेलिब्रिटी कोरियोग्राफर कुमार शर्मा, नृत्यश्री सोमा मंडल (कोरियोग्राफर, परफॉर्मर एवं ग्रेड ए भरतनाट्यम आर्टिस्ट) तथा श्रीमती सुजाता चक्रवर्ती (प्रख्यात कथक नृत्यांगना) द्वारा सुर संगम की डॉ. पूर्वा अर्ग्रवाल,हिनाया,यामी,और जियाना ने एशियन डांस समिट में ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर एक विशेष उपलब्धि के तहत एकेडमी की निर्देशिका और गुरु श्रीमती रेणू गोरेर को उनके नृत्य के प्रति समर्पण और उत्कृष्ट कोरियोग्राफी के लिए प्रतिष्ठित नृत्य संजीवनी अवॉर्ड से नवाजा गया। उनके मार्गदर्शन और प्रशिक्षण में तैयार प्रस्तुतियों ने निर्णायक मंडल को काफी प्रभावित किया।

टीम ने विभिन्न श्रेणियों में प्रदर्शन करते हुए कई पुरस्कार अपने नाम किए। डॉ. पूर्वा अग्रवाल ओपन एज कैटेगरी के लोक नृत्य में विजेता और सेमी-क्लासिकल में प्रथम रनर-अप रहीं। कथक नृत्य की माइनर एज कैटेगरी में हिनाया वागड़िया ने विजेता का खिताब जीता, जबकि इसी कैटेगरी में यामी वरदार प्रथम रनर-अप रहीं। इसके अलावा, जूनियर एज कैटेगरी के कथक नृत्य में जियाना वागड़िया रनर-अप रहीं।

# जोधपुरा में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण आयोजित
# जैविक खेती पर दिया गया विशेष जोर

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** शुक्रवार को कृषि विभाग द्वारा परम्परागत कृषि विकास योजना के अंतर्गत पावटा ब्लॉक के जोधपुरा व खेलना क्षेत्र में एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। शिविर में एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज से लोकेंद्र सिंह ने किसानों को जैविक खेती के लाभों एवं रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कम पानी में बेहतर खेती कैसे की जा सकती है। लोकेंद्र सिंह ने बताया कि दिनांक 30/01/2026 को आयोजित इस प्रशिक्षण में लगभग 60 से 70 किसानों को आधुनिक एवं प्राकृतिक खेती की तकनीकों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों के नुकसान को कम करना और फसलों से अधिक लाभ प्राप्त करना



था। उन्होंने बताया कि जैविक व प्राकृतिक उत्पादों के उपयोग से फसलों में पानी की आवश्यकता कम होती है और पैदावार में वृद्धि होती है। खेत में वेस्ट डिकंपोजर के प्रयोग से फसल अवशेष आसानी से सड़ जाते हैं, खरपतवार की समस्या कम होती है तथा मिट्टी में कार्बन की मात्रा बढ़ती है। इन सभी विषयों पर किसानों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। प्रशिक्षक रेखा बाई यादव ने भी रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला और जैव उर्वरकों के उपयोग से होने वाले फायदों की जानकारी दी। इस अवसर पर एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज द्वारा जलधारा योजना के अंतर्गत किसानों को वेस्ट डिकंपोजर का वितरण किया गया तथा इसके महत्व के बारे में समझाया गया।

प्रशिक्षण के अंत में किसानों ने प्राकृतिक खेती को अपनाने के प्रति उत्साह व्यक्त किया और भविष्य में इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित करने की मांग की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सुरज शर्मा, अंकिता प्रजापति, कृपा यादव, पिंकी कुमावत, करिश्मा शर्मा सहित कई अन्य अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधीजी की 78वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

## जिला कलक्टर ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए



बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** महात्मा गांधीजी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाहॉल में शहीद दिवस मनाया गया। जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने कार्मिकों सहित गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों ने गांधीजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए तथा दो मिनट का मौन धारण कर उनके प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की। इस दौरान गांधीजी के अहिंसा, सत्याग्रह एवं स्वदेशी के आदर्शों का स्मरण किया गया। इस अवसर पर गांधीजी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम और रामधुनी का श्रवण किया गया।

# निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर रोल पर्यवेक्षक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 की प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में रोल पर्यवेक्षक श्री पी. रमेश की अध्यक्षता में पंचायत समिति बाड़ी के सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिराम मीणा एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान रोल पर्यवेक्षक द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत विधानसभावार अब तक किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिले की समस्त विधानसभाओं में प्राप्त फॉर्म-6, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 के निस्तारण की प्रगति, मतदाता सूची में जेंडर रेशियो तथा ईपी रेशियो की स्थिति से अवगत कराया गया।

रोल पर्यवेक्षक श्री रमेश ने कहा कि निर्वाचक नामावली की शुद्धता एवं अद्यतनता लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला है। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शत-प्रतिशत रूप से जोड़े जाएं, अपात्र प्रविष्टियों को समयबद्ध ढंग से हटाया जाए तथा सभी दावे-आपत्तियों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के समस्त कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किए जाएं, ताकि आगामी निर्वाचन प्रक्रियाओं के लिए त्रुटिरहित एवं विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार की जा सके। बैठक के अंत में अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा फील्ड स्तर पर सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

# उदयपुर की समिष्टा गहलोत ने राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर बढ़ाया जिले का मान

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** उदयपुर जिले की प्रतिभाशाली कराटे खिलाड़ी समिष्टा गहलोत ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। समिष्टा संत ग्रेगोरियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उदयपुर की छात्रा हैं और उन्होंने इस प्रतियोगिता में सीबीएसई बोर्ड का प्रतिनिधित्व किया। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 27 जनवरी से 30 जनवरी 2026 तक बारामती, पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित हुई, जिसमें देशभर से चयनित शीर्ष खिलाड़ियों ने भाग लिया।

समिष्टा ने अंडर-19 बालिका -64 किलोग्राम भार वर्ग में भाग लेते हुए शानदार तकनीक, दमदार आत्मविश्वास और अनुशासित खेल भावना का परिचय दिया। उन्होंने प्रारंभिक मुकाबलों में कई राज्यों की खिलाड़ियों को पराजित करते हुए क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल तक शानदार प्रदर्शन किया। निर्णायक मुकाबले में महाराष्ट्र की खिलाड़ी को हराकर उन्होंने कांस्य पदक अपने नाम किया।

इस सफलता में उनके कोच संज्जू सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने उन्हें तकनीकी प्रशिक्षण, रणनीतिक तैयारी और मानसिक मजबूती प्रदान की। कोच संज्जू सिंह ने बताया कि समिष्टा में भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की शीर्ष खिलाड़ी बनने की अपार क्षमता है। समिष्टा की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। स्कूल प्रशासन ने इसे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।

खिलाड़ी को शुभकामनाएं देने वालों में कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजर के प्रेसिडेंट भरत शर्मा, जनरल सेक्रेटरी संजीव जांगड़ा, एक्सट्रीम मार्शल आर्ट्स इंडिया के टेक्निकल डायरेक्टर एवं इंडियन कराटे टीम कप्तान सेन्सेई अनिकेत गुप्ता, साथ ही दीपिका दीवान, अख्तर, नवीन, बिंदिया, बसु, राजसंचू, धर्मेंद्र, संस्कार, पार्थ, वेद और आदित्य सिंह सहित कई खेल प्रशिक्षकों, वरिष्ठ खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने समिष्टा को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।




# आयुर्वेद विभाग के शिविर का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

## 6 फरवरी तक होगा संचालित

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं आयुर्वेद विभाग राजस्थान द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से 10 दिवसीय अर्श-भगन्दर निःशुल्क क्षारसूत्र चिकित्सा शिविर सनातन धर्म मंदिर एल ब्लॉक हनुमान मंदिर में 6 फरवरी तक जारी रहेगा।

शिविर प्रभारी डॉ. राजकुमार पारीक ने बताया कि 28 जनवरी से जारी शिविर में अर्श-भगन्दर के 25 रोगियों की आयुर्वेदीय क्षारसूत्र (आयुर्वेदिक औषधि निर्मित धागा) विधि से शल्य चिकित्सा की जा चुकी है। 112 अर्श-भगन्दर के रोगियों ने अब तक पंजीकरण करवाया है। पंजीयन का कार्य 1 फरवरी तक रहेगा। पंजीकरण के बाद रोगी की खून आदि की निःशुल्क जांचें, परीक्षण आदि करने के बाद क्षारसूत्र विधि से शल्य चिकित्सा की जायेगी।

शुक्रवार को निदेशालय आयुर्वेद विभाग के संभाग प्रभारी डॉ. मोहन सिंह मीणा उप निदेशक, संभागीय अतिरिक्त निदेशक डॉ. राधेश्याम एवं संभागीय सहायक निदेशक डॉ. जितेन्द्र सिंह भाटी ने शिविर स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के लिये संतुष्टि जाहिर की। भर्ती रोगियों एवं ओपीडी में आये रोगियों से फीडबैक लिया। संभागीय अतिरिक्त निदेशक ने शिविर में एसओपी की पालना एवं स्वच्छता के लिये संतोष व्यक्त किया एवं कार्यरत् स्टॉफ का मनोबल बढ़ाया। उपनिदेशक डॉ. कृष्ण चन्द्र अरोड़ा ने अधिकारियों को शिविर के बारे में जानकारी दी। अर्श-भगन्दर एवं अन्य गुदा रोगियों के पंजीकरण, जांच, क्षारसूत्र चिकित्सा शिविर अवधि तक जारी रहेगा। अव्यवस्था एवं अनावश्यक परेशानी से बचने के लिये शीघ्र ही रोगी अपना पंजीयन करवाकर उपलब्ध सेवाओं का लाभ लेवें। सहायक शिविर प्रभारी डॉ. जितेन्द्र कुमार ने बताया कि स्त्रीरोग एवं अन्य ओपीडी में परामर्श व औषधि से आज 198 रोगियों को लाभान्वित किया गया।



# भव्य सिंधी नाट्य संध्या का आयोजन, वरिष्ठ साहित्यकार रमेश शेवकानी को मिला सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** 6 सिंधी भाषा, संस्कृति एवं गौरवशाली इतिहास के संरक्षण और प्रचार के उद्देश्य से राजस्थान सिंधी अकादमी, जयपुर, नवयुवक कला मंडल, बीकानेर तथा पूज्य सिंधी पंचायत, नोहर के संयुक्त तत्वावधान में सिंधी मंदिर सभागार नोहर में एक भव्य एवं प्रभावशाली नाट्य संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ रंग निर्देशक सुरेश हिंदुस्तानी के निर्देशन में दो चर्चित सिंधी नाटकों का सफल मंचन हुआ, जिसने दर्शकों को इतिहास, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना से गहराई से जोड़े रखा। नाट्य संध्या का शुभारंभ भगवान श्री झूलेलाल के चित्र पर दीप प्रजनन के साथ हुआ। इस मौके पर अनूपगढ़ निवासी वरिष्ठ रंगकर्मी एवं लेखक रमेश शेवकानी द्वारा लिखित नाटक 'शहीद हेमू कलानी' के मंचन हुआ। नाटक में महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद हेमू कलानी के त्याग, बलिदान, अदम्य साहस और राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण जीवन संघर्ष को प्रभावशाली संवादों एवं सशक्त अभिनय के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। मंचन के दौरान दर्शक भाव-विभोर हो उठे और प्रस्तुति को भरपूर सराहना मिली।

फणीश्वर खत्री द्वारा लिखित नाटक 'संत कंवर राम' का मंचन किया गया। नाटक में महान सिंधी संत कंवर राम के आध्यात्मिक संदेशों, मानवता, प्रेम, करुणा एवं सामाजिक समरसता के आदर्शों को अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिससे सभागार में आत्मिक शांति और प्रेरणा का वातावरण निर्मित हो गया। दोनों नाटकों में जय खत्री, जयकिशन केशवानी, उत्तम सिंह, नावेद सहित कुल 12 कलाकारों ने अपने सशक्त, भावनात्मक एवं अनुशासित अभिनय से मंच को जीवंत बना दिया। कलाकारों की उत्कृष्ट प्रस्तुति ने दर्शकों को सिंधी समाज के गौरवशाली अतीत, स्वतंत्रता संग्राम के नायकों तथा संत परंपरा से गहराई से जोड़ने का कार्य किया। कार्यक्रम के दौरान साहित्य, रंगमंच एवं सिंधी संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वरिष्ठ साहित्यकार रमेश शेवकानी को वरिष्ठ साहित्यकार सम्मान से सम्मानित किया गया।

# रोटरी क्लब दृष्टि ने अब तक 155 बावड़ियों की सफाई की

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर दृष्टि ने आज अपने सदस्यो के माध्यम से मींरा नगर और सुखेर के मंदिरो और बावरियों की सफाई की।

अभी तक क्लब द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर कुल 155 मंदिरों या बावरियों की सफाई की जा चुकी है।

इस अवसर पर क्लब के सदस्य एवं संरक्षक डॉ. स्वीटी छाबड़ा,अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह कृष्णावत,चार्टर अध्यक्ष डॉ. खुशी छाबड़ा, सार्जेंट एट आर्म्स वैशाली मोटवानी, सचिव मोहित राजानी, उपाध्यक्ष सुनीता सिंघवी, क्लब की ब्रांड एंबेसडर प्रियंका कोठारी, सहायक प्रांतपाल गवर्नरयश कुनावत और बुलेटिन संपादक विप्लव जैन,अक्षय राठौड़ सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को कपासन एवं जाशमा में शहीद के रूप में मनाया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को कपासन एवं जाशमा क्षेत्र में महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया।जिसमे पुष्पांजलि एवं दो मिनट का मौन रख कर महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। जानकारी अनुसार शांति अहिंसा निदेशालय जयपुर के निर्देशानुसार राजस्थान में प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को मनाया जा रहा है।जिसके तहत महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति कपासन के संयोजन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को स्थानीय गांधी वाटिका परिसर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया।जिसमे महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प-माला तथा दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। इस मौके पर ब्लॉक संयोजक कपासन शंकरलाल प्रजापत,जिला युवा संयोजक दिलीप कुमार जैन, महिला जिला संयोजक एवं अधिवक्ता खुशबू बारेगामा,ब्लॉक संयोजक भूपालसागर फिरोज अली, अधिवक्ता कमलेश मीणा,गोपाल सेन,वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी,मोहम्मद रफीक अंसारी,मुबारक हुसैन,रमेश शर्मा,किशन प्रजापत आदि महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति कपासन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इधर क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जाशमा परिसर में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति भूपालसागर के संयोजन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. नवनीत आगाल,महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति जिला सह युवा संयोजक दिलीप कुमार जैन,पुलकित जोशी,सुरेश सालवी आदि गणमान्यजनो की उपस्थिति में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प-माला के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किये तथा विद्यालयी छात्र-छात्राओं द्वारा राम धून का गायन किया गया।इसके उपरांत दो मिनट का मौन रखा तथा वक्ताओं द्वारा महात्मा गांधी के जीवन एवं आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जाशमा के अध्यापक इकबाल हुसैन द्वारा किया गया।

## शहीद दिवस पर मिनट टू मिनट न.पा. कपासन ने किए कार्यक्रम आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** नगर पालिका कपासन में शहीद दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को मिनट टू मिनट कार्यक्रम आयोजित किये गये।जिसमे नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजू देवी सोनी एवं नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा के निर्देशन में शहीद दिवस के उपलक्ष्य में गांधी प्रतिमा पर पुष्पांजलि, रामधुनी सहित गांधी के प्रिय भजनों का गान इत्यादि कार्यक्रमों का मिनट टू मिनट आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन के अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर,शंभुलाल बागड़ा,नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,गौरव दाधीच,नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता खेमराज सिंह गुर्जर,वरिष्ठ सहायक गोपाल सुथार,कनिष्ठ सहायक नंदलाल मेनारिया,सचिन सोनवाल,प्रकाश शर्मा,चंदा चनाल,सहायक कर्मचारी शांतिलाल खटीक,शकील मोहम्मद,जानकीलाल माली,विष्णु स्वर्णकार,नरेगा जेटीए रोहित पंचोली,प्राची डिडवानिया,कंप्यूटर ऑपरेटर राजकुमार खटीक,ललित पंवार आदि उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री व जिला अभिभाषक संस्था ने अधिवक्ता गौड़ को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिवक्ता




पीरू सिंह गौड़ को विभिन्न मंचों पर सम्मानित किया गया। 80 बार रक्तदान कर मानवता की मिसाल कायम करने पर उन्हें उप मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार प्रेमचंद बैरवा एवं भीलवाड़ा लोकसभा सांसद दामोदर अग्रवाल द्वारा भाजपा कार्यालय में आयोजित समारोह में ऊपरना ओढ़ाकर एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, पूर्व सांसद सुभाष बहेडिय़ा, पूर्व विधायक वि_ल शंकर अवस्थी तथा मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसी क्रम में जिला न्यायालय परिसर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में भी अधिवक्ता गौड़ का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के न्यायाधीश नवीन चौधरी एवं जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ के नेतृत्व में उन्हें मेवाड़ी पगड़ी एवं ऊपरना पहनाकर सम्मानित किया गया। समारोह में उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, राजस्व महासचिव मनोहरलाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह-सचिव आदित्य सिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली सहित अनेक न्यायाधीश एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे। सम्मान समारोह के दौरान साथी अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता गौड़ को शुभकामनाएं दीं।

## रमेश नवहाल भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने रमेश नवहाल को प्रदेश प्रवक्ता एवं मीडिया पैनलिस्ट नियुक्त



किया है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है। श्री नवहाल का छात्र राजनीति में सक्रिय और सशक्त योगदान रहा है। उन्होंने माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय में छात्रसंघ अध्यक्ष के रूप में दायित्व निभाया। इसके साथ ही वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में जिला प्रमुख तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के रूप में भी विभिन्न जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुके हैं। विद्यार्थी परिषद द्वारा गठित जनसंघर्ष मोर्चा में वे राजस्थान प्रदेश सहसंयोजक भी रहे। लोकसभा चुनाव के दौरान नवहाल ने लाभार्थी संपर्क अभियान में भीलवाड़ा जिला सहसंयोजक के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई और संगठनात्मक कार्यों को मजबूती प्रदान की। शैक्षणिक क्षेत्र में भी उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। वे पूर्व में कोटा के प्रतिष्ठित बंसल क्लासेज में रसायन शास्त्र के विभागाध्यक्ष रहे।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में ग्राम उत्थान शिविरों को लेकर वीसी आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**चित्तौडग़ढ़, (नि.स.)।** मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में राज्य के प्रत्येक गिरदावर सर्किल में आयोजित किए जा रहे ग्राम उत्थान शिविरों के संबंध में शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) आयोजित की गई। जिला कलक्टर की अध्यक्षता में ग्राम उत्थान शिविरों की प्रगति की समीक्षा जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में ग्राम उत्थान शिविरों के प्रथम चरण में आयोजित शिविरों की प्रगति की समीक्षा बैठक शुक्रवार को पंचायत समिति के वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने आयोजित किए जा रहे शिविरों में विभिन्न गतिविधियों की प्रगति में तेजी लाने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर ने शिविरों के नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों की दैनिक प्रगति पोर्टल पर समय पर अपडेट करना सुनिश्चित करें, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा सके। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) प्रभा गौतम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री विनय पाठक, उपखण्ड अधिकारी बीनू देवल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि ग्राम उत्थान शिविरों के द्वितीय चरण के अंतर्गत 31 जनवरी को गिरदावर सर्किल अंतर्गत चित्तौडग़ढ़ उपखण्ड क्षेत्र में बस्सी, गंगरार में बोरदा, कपासन में निम्बाहेड़ा, भूपालसागर में आकोला, राशमी में पंहुना, बेगूं में पारसोली, रावतभाटा में एकलिंगपुरा, निम्बाहेड़ा में बाड़ी, भदेसर में खोडीप, बड़ीसादड़ी में पारसोली एवं डूंगला में डेलवास में एक दिवसीय विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 01 फरवरी को चित्तौडग़ढ़ उपखण्ड क्षेत्र में सादी, भूपालसागर में ताणा, रावतभाटा में राजपुरा, निम्बाहेड़ा में जावदा एवं डूंगला में मंगलवाड़ में एक दिवसीय ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज तथा राजस्व विभाग सहित संबंधित विभागों की सहभागिता रहेगी। शिविरों के माध्यम से कृषकों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों को विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराते हुए उन्हें लाभान्वित किया जाएगा।

## सफाई शुल्क पर विवाद, ब्लॉक कांग्रेस का नगर परिषद फैसले का विरोध



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** नगर परिषद द्वारा आमजन पर लगाए गए 50 रुपये सफाई शुल्क के निर्णय को लेकर शहर में विवाद गहरा गया है। इस फैसले के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कड़ा ऐतराज जताते हुए ब्यावर शहर की सफाई व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।ब्लॉक कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि कई वार्डों में 15-15 दिन में एक बार ही सफाई हो रही है, वहीं समय पर ऑटो टीपर नहीं पहुंचने से गंदगी फैल रही है। सुविधाएं न मिलने के बावजूद शुल्क वसूली किए जाने से आमजन में भारी आक्रोश है।इस संबंध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने जिला कलेक्टर कमल राम मीना को ज्ञापन सौंपकर सफाई शुल्क का निर्णय तत्काल वापस लेने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन किया जाएगाइस दौरान पारस पंच, दिनेश शर्मा, अशोक रांका, दिलीप गौरा, रामेश्वर मेवाड़ा, अजय स्वामी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## यूजीसी बिल 2026 के विरोध में ब्यावर में सद्बुद्धि यज्ञ, शांतिपूर्ण आंदोलन की घोषणा




बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित यूजीसी-विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता प्रोत्साहन) विनियम, 2026 के विरोध में ब्यावर में सवर्ण समाज प्रतिनिधि सभा एवं सवर्ण संघर्ष समिति के तत्वावधान में सद्बुद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। कुमारानंद सर्कल (चांग गेट) पर आयोजित इस यज्ञ में नगर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं समाजों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यज्ञ का विधिवत संपादन पं. नवलकिशोर दाधीच शास्त्री, पं. कृष्णगोपाल दाधीच, पं. कृष्ण वल्लभ शर्मा, पं. दामोदर गौड़, पं. विवेक गौड़, पं. नवीन शर्मा, पं. कालू सिखवाल, पं. मांगीलाल शर्मा, पं. लोकेश शर्मा सहित विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कराया गया कार्यक्रम में ब्राह्मण, अग्रवाल, राजपूत, खंडेलवाल, माहेश्वरी, जैन (श्वेतांबर व दिगंबर), कायस्थ, सिंधी, पंजाबी-खत्री, विजयवर्गीय सहित सभी प्रमुख सवर्ण समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे आयोजकों ने स्पष्ट किया कि यह विरोध संवैधानिक समानता, सामाजिक सौहार्द एवं विद्यार्थियों के भविष्य की रक्षा के उद्देश्य से किया जा रहा है और यह किसी जाति, धर्म या सरकार के विरुद्ध नहीं है। कार्यक्रम पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक दायरे में संपन्न हुआ सभा में यह भी घोषणा की गई कि आज 31 जनवरी को प्रातः 11 बजे भारत माता सर्किल पर यूजीसी बिल की प्रतियां जलाने, पुतला दहन एवं शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया जाएगा, जिसके पश्चात महामहिम राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## जिला कोर्ट स्थानांतरण प्रस्ताव पर वकीलों का उग्र प्रदर्शन, सड़क पर उतरे अधिवक्ता

### ब्यावर मुख्यालय से बाहर कोर्ट ले जाने के फैसले के विरोध में टायर जलाकर किया रास्ता जाम



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर जिला कोर्ट को बर व निमाज के समीप स्थानांतरित करने के प्रस्ताव के विरोध में शुक्रवार को अधिवक्ताओं का गुस्सा सडक़ों पर नजर आया। जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष राकेश प्रजापति के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने कोर्ट सर्किल के बाहर एकत्र होकर टायर जलाए, घेरा बनाकर मार्ग अवरुद्ध किया और जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिला कोर्ट को ब्यावर मुख्यालय पर ही रखा जाए, क्योंकि कोर्ट का स्थानांतरण आमजन, वादकारियों एवं अधिवक्ता समुदाय—सभी के लिए असुविधाजनक साबित होगा। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित स्थान दूर होने से न्याय तक पहुंच कठिन हो जाएगी और आम लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ेगी प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने बताया कि कुछ दिन पूर्व कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत द्वारा जिला कोर्ट को बर व निमाज के मध्य स्थानांतरित करने का प्रस्ताव मंत्री जोगाराम पटेल के समक्ष रखा गया था। इसी प्रस्ताव को लेकर अधिवक्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। अधिवक्ताओं ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जिला कोर्ट को ब्यावर मुख्यालय पर ही रखने की मांग नहीं मानी गई तो आंदोलन को और अधिक उग्र रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर अपना आक्रोश प्रकट किया।

## सर्दी के सितम में धरने पर डटे हुए धरतीपुत्र

बढ़ता राजस्थान

**नैनवाँ,(नि.स.)।** अपनी मांगों को लेकर किसानों का क्रमिक धरना शुक्रवार को 30वे दिन भी जारी रहा । किसान महापंचायत के तत्वाधान में किसानों का क्रमिक धरना 1 जनवरी को शुरू किया गया था । लेकिन प्रशासन द्वारा किसानों के मांगों पर गंभीरता पूर्वक समाधान नहीं किया जाने से किसान आहत हैं । किसानों ने बताया कि किसान सर्दी के सितम मैं भी लगातार धरने पर बैठे हुए हैं । लेकिन अभी तक किसानों के समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है । तहसीलदार रामसहाय मीणा ने बताया कि अतिवृष्टि में हुई फसल खराब का आकलन कर सीडी के रूप में जयपुर आपदा राहत विभाग में जमा करवा दिया गया है । जैसे ही बजट आवंटन होगा फसल खराब का मुआवजा ऑनलाइन किसानों के खाते में ट्रांसफर हो जाएगा । हाल ही में हुई ओलावृष्टि के कारण जो फैसले खराब हुई है उनके ऑनलाइन घर से गिरदावरी चालू है । कोई भी जागरूक किसान स्वयं भी अपने फसल की गिरदावरी कर सकता है । इसके लिए वह तहसील कार्यालय में आकर संपर्क कर सकता है ।

## नर्सेज को मेडिसिन स्टोर के चार्ज से मुक्त करने की मांग,सीएमएचओ को सौंपा गया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** जिले के समस्त राजकीय चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत नर्सिंग स्टाफ को मेडिसिन स्टोर के चार्ज से मुक्त किए जाने की मांग को लेकर नर्सेज संघ की ओर से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ), भीलवाड़ा को ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन गांधी राजकीय चिकित्सालय, भीलवाड़ा से जारी किया गया। जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट ने बताया कि वर्तमान में भीलवाड़ा जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप जिला चिकित्सालयों में नर्सेज को मेडिसिन स्टोर से संबंधित कार्यों का अतिरिक्त भार दिया जा रहा है, जबकि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग द्वारा फार्मासिस्ट संवर्ग का स्पष्ट जॉब चार्ट जारी किया जा चुका है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि जॉब चार्ट के अनुसार दवाइयों के भंडारण, वितरण एवं स्टोर प्रबंधन से संबंधित समस्त कार्य फार्मासिस्ट द्वारा किए जाने हैं। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार द्वारा अब सभी चिकित्सा संस्थानों में फार्मासिस्ट की नियुक्ति भी की जा चुकी है, ऐसे में नर्सेज से यह कार्य कराना नियमों के विपरीत है। नर्सेज संघ का कहना है कि नर्सिंग स्टाफ पहले से ही रोगियों की देखभाल, उपचार संबंधी कार्यों एवं अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहा है। ऐसे में मेडिसिन स्टोर का अतिरिक्त चार्ज न केवल कार्यभार बढ़ाता है बल्कि उनकी मूल जिम्मेदारियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। संघ ने सीएमएचओ से मांग की है कि नर्सेज की इस जायज मांग को शीघ्र स्वीकार करते हुए एक स्पष्ट आदेश जारी किया जाए, जिससे जिले के समस्त नर्सिंग स्टाफ को मेडिसिन स्टोर के अनावश्यक चार्ज से मुक्त किया जा सके। इस अवसर पर नर्सेज संघ ने आशा व्यक्त की कि प्रशासन जल्द ही सकारात्मक निर्णय लेकर नर्सिंग संवर्ग को राहत प्रदान करेगा। संघ ने कहा कि इस निर्णय से नर्सेज बेहतर तरीके से रोगी सेवा पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगी, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

उपजिला चिकित्सालय में नर्सिंग ऑफिसर की प्रतिनियुक्ति रोक की मांग

## जरखोदा में गौशाला के लिए भूमि आवंटन की मांग

बढ़ता राजस्थान



**नैनवाँ,(नि.स.)।** जरखोदा क्षेत्र में निराश्रित एवं बीमार गौवंश की बढ़ती समस्या के समाधान को लेकर श्री सांवरिया गौ सेवा समिति, ग्राम जरखोदा द्वारा उपखंड अधिकारी नैनवा को गौशाला निर्माण हेतु भूमि आवंटन की मांग का ज्ञापन सौंपा गया। समिति सदस्यों ने बताया कि बीते कई वर्षों से वे बिना किसी सरकारी सहायता के आसपास के गांवों में गौवंश की सेवा, उपचार एवं संरक्षण का कार्य कर रहे हैं, लेकिन स्थायी गौशाला नहीं होने के कारण गौवंश को सुरक्षित रखने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि ग्राम जरखोदा एवं आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बेसहारा गौवंश सडक़ों पर विचरण कर रहे हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं तथा किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंच रहा है। बीमार एवं घायल गौवंश के उपचार के लिए भी स्थायी व्यवस्था नहीं होने से उन्हें खुले में ही रखना पड़ता है, जो उनके जीवन के लिए खतरा बना हुआ है। ऐसी स्थिति में गौशाला निर्माण अत्यंत आवश्यक हो गया है, जिससे गौवंश को सुरक्षित आश्रय, नियमित चारा-पानी एवं चिकित्सकीय सुविधा मिल सके। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कोटा विभाग के सहसंयोजक लक्की चोपड़ा ने प्रशासन से आग्रह किया कि जनहित और धर्महित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाए ताकि गौवंश के संरक्षण का कार्य प्रभावी रूप से किया जा सके। ज्ञापन देने में पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रमोद कुमार जैन समिति के अध्यक्ष कालू खटाना प्रधान गुर्जर राम होशियार किशन शंकर राजेश सैनी लालचंद सेन कन्हैया बाबूलाल सांवरिया धर्मराज रामपाल चौथमल तुलसीराम नगर लोकेश बनवारी आदि शामिल रहे ।

## विजयपुर रेंज के वन क्षेत्र के पुनर्गठन की मांग, विशेष उल्लेख प्रस्ताव संख्या-295 सदन में प्रस्तुत

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** निंबाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र की पंचायत समिति निंबाहेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत कनेरा के वन क्षेत्र को विजयपुर रेंज से पृथक कर निंबाहेड़ा रेंज, जिला चित्तौडग़ढ़ में समायोजित किए जाने की मांग को लेकर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने विधानसभा में विशेष उल्लेख प्रस्ताव संख्या-295 प्रस्तुत किया।

प्रस्ताव के माध्यम से विधायक कृपलानी ने विधानसभा में बताया गया कि विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कनेरा का यह वन क्षेत्र मध्यप्रदेश-राजस्थान की सीमा पर स्थित है, जो वर्तमान में विजयपुर रेंज के अंतर्गत आता है। उन्होंने बताया कि विजयपुर रेंज कार्यालय ग्राम पंचायत कनेरा से अत्यधिक दूरी पर स्थित होने के कारण क्षेत्रवासियों को विभिन्न प्रशासनिक एवं विभागीय कार्यों में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जबकि ग्राम पंचायत कनेरा के निकट ही निंबाहेड़ा रेंज का वन क्षेत्र स्थित है, जिससे स्थानीय स्तर पर कार्य संचालन अधिक सुगम हो सकता है।

कृपलानी ने सदन को बताया कि इस संबंध में वन एवं पर्यावरण मंत्री, राजस्थान सरकार द्वारा 4 अगस्त 2025 को जिला कलेक्टर कार्यालय, चित्तौडग़ढ़ में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान आवश्यक कार्यवाही हेतु आश्वासन भी दिया गया था, किंतु अब तक इस विषय में कोई ठोस एवं सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है।

## 78 वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया याद

# प्रशासन ने गांधी पार्क में आयोजित किया शहीद दिवस, कांग्रेसियो ने किया बापू को याद

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शुक्रवार को 78 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर जहां कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेसियों द्वारा महात्मा गांधी को याद किया गया। वहीं शहर के महात्मा गांधी पार्क में उपखंड प्रशासन और नगर पालिका द्वारा शहीद दिवस मनाया गया। इस दौरान उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनको याद करते हुए देश की आजादी में बापू के योगदान पर चर्चा की गई साथ में बापू का प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम,भी गुनगुनाया गया।

उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने बताया कि देश के आजादी के बड़े आंदोलन में महात्मा गांधी ने जो भूमिका निभाई वह अत्यंत सराहनीय रही। उन्होंने लाठी और लंगोटी का सहारा लेकर अंग्रेजों की एक बड़ी फौज को नाकाम कर दिया। ऐसे में हमें गांधी के अहिंसा वादी आंदोलन से सीख लेनी चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा गांधी जी के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग भी सुनाए गए। इस दौरान तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नंदलाल मीणा, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कल्याण प्रसाद मीणा के साथ नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अभिताभ मीणा, सुरेश चंद्र भारद्वाज और विभिन्न स्कूलों के बच्चों के साथ स्कूल टीचर्स कार्यक्रम में मौजूद रहे।

वहीं शहर के कांग्रेस कार्यालय पर ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा के नेतृत्व में शहीद दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि गांधी जी ने देश की आजादी में अतुलनीय योगदान दिया लेकिन उनको संघवादी प्रवृत्ति के षड्यंत्र का शिकार होना पड़ा।आज देश उनके 78 वीं पूर्णतिथि पर उनको याद कर रहा है। नगर अध्यक्ष सैफ सईद खां ने कहा कि हमें गांधी जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए,उनके बताए मार्ग पर चलने का प्रयास करना चाहिए। कांग्रेस जिला सचिव रोशनी शिवहरे ने भी गांधी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए कांग्रेसियों से सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान होतम सिंह जाटव,पंचायत समिति सदस्य केशवचंद मीणा, पार्षद हरि सिंह पहाड़िया, मंगल सिंह कुशवाहा, महेंद्र सिंह परमार, अनिल अरेला, सिंगोरई मंडल अध्यक्ष महादेव मीणा, कोषाध्यक्ष मनीष मंगल, नईम खान, योगेश अग्रवाल, सोनू दिवाकर, छुट्टन रिजवी,अंसार खान, ऋषि पाल कंसाना, पप्पू सोलंकी, कृष्ण परमार, रजत शर्मा, मनुरूप मीणा, रामचरण कुशवाहा, महावीर गॉड, वैजयंती जाटव सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## साइबर ठगी करते 2 युवको को गिरफ्तार कर एक किशोर को किया निरुद्ध

### 3 एंड्राइड मोबाइल फोन किए जप्त

### डीग जिले की खोह थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर की कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** डीग जिले के खोह थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी में संलिप्त दो युवकों को गिरफ्तार कर एक विधि से संघर्षरत बालक को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन एंड्रॉइड मोबाइल फोन जब्त किए हैं।

खोह थाना प्रभारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एएसआई जय सिंह ने मय जाप्ता के गांव टोडा में रेत के टीलों के पास दबिश दी गई। मौके पर तीन युवक मोबाइल फोन के जरिए ऑनलाइन ठगी करते हुए नजर आए। पुलिस को देखकर वे भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों ने अपनी पहचान वाजिद 35 बर्ष पुत्र हारून और साहिल 23 बर्ष पुत्र मज्जल निवासी कोलरी, सीकरी, जिला डीग बताई जिन्हें पुलिस में ठगी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। जबकि तीसरे एक विधि से संघर्षरत किशोर को निरुद्ध किया है। तलाशी के दौरान तीनों आरोपियों के पास से साइबर ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे तीन मोबाइल फोन जप्त किए है।

#### होटल बुकिंग के नाम पर करते थे ठगी

आरोपी वाजिद और साहिल ने पुलिस को बताया कि वे होटल रूम के फोटो व्हाट्सएप के जरिए लोगों को भेजते थे और ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर उनसे पैसे मंगवाते थे। इसके लिए वे क्यूआर कोड भेजकर भुगतान करवाते थे।

#### फर्जी मैसेज से लोगों को बनाते थे शिकार

विधि से संघर्षरत बालक ने पुलिस को बताया कि वह फर्जी मोबाइल और नकली एप की मदद से लोगों को भुगतान क्रेडिट होने का झूठा मैसेज भेजता था। बाद में कॉल कर खुद को परिचित बताकर कहता था कि गलती से उनके खाते में पैसे चले गए हैं और उनसे वापस ट्रांसफर करवा लेता था।इस तरह तीनों मिलकर लोगों को झांसे में लेकर ऑनलाइन ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस द्वारा उक्त आरोपियों से पूछताछ कर साइबर ठगी से जुड़े अन्य गिरोहों और सदस्यों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जिला कलेक्ट्रेट में बापू को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

### दो मिनट का मौन रखकर किया गया शहीदों का पुण्य स्मरण



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि (शहीद दिवस )के अवसर पर शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला कलेक्टर उत्सव कौशल सहित उपस्थित अधिकारियों एवं कार्मिकों ने बापू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इसके बाद दो मिनट का मौन रखा गया। मोन के दौरान जिला कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रपिता एवं देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

इस अवसर पर उपस्थित जनों ने गांधीजी के सत्य, अहिंसा और जनसेवा के विचारों का स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को अपनी कार्यशैली में आत्मसात करने की प्रेरणा ली। जिले के सभी कार्यालयों में प्रात: 11 बजे दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

## कुष्ठ रोगियों की सेवा ही मानवता की सच्ची सेवा - सुनील चतुर्वेदी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** जिले में कुष्ठ रोग दिवस जिला कुष्ठ नियंत्रण ईकाई भरतपुर में शहीद दिवस के दिन आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथमम महात्मा गांधी जी की फोटो पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौनधारण किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील चतुर्वेदी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं शिक्षाविद् ने बताया कि कुष्ठ रोगियों की सेवा ही मानवता की सच्ची सेवा है लागों कुष्ठ रोगियों से भेदभाव नहीं करने के साथ ही इनको समाज की मुख्य धारा में जोडना चाहिए ताकि कुष्ठ रोग से प्रभावित लोग अपना गरिमामयी जीवन व्यतीत कर सके। कार्यक्रम में अपना घर के कुष्ठ रोगियों को कम्बल, सैंडिल, अल्पाहार एवं अन्य सामग्री वितरित कर इनको सम्मानित किया गया।

जिला कुष्ठ रोग नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. असित श्रीवास्तव ने बताया कि कुष्ठ रोग छूने से नहीं फैलता है। इस हेतु स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान जिले में 30 जनवरी से 13 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान में जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर तक कुष्ठ रोग निवारण के लिए विभिन्न गतिविधियॉ आयोजित की जायेगी, जिसमें कुष्ठ रोग से संबंधित जानकारी, भ्रांतिया, नए मरीजों की खोज कर उन्हें इलाज की सुविधा प्रदान करना। इस अभियान के अंतर्गत आशा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में डोर टू डोर सर्वे करना, कुष्ठ रोग से पीडित व्यक्तियों को चिन्हित कर उनका ईलाज करवाया जाना ताकि प्रारम्भिक अवस्था में ही कुष्ठ रोग से होने वाली विकृतियों से बचा जा सके। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सुनील चतुर्वेदी पुर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं शिक्षाविद्, नोडल अधिकारी डॉ. असित श्रीवास्तव उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी(स्वा0) भरतपुर, शरद शर्मा डीपीसी, प्रहलाद शर्मा नर्सिंग अधिकारी, हरिओम शर्मा, हरीश आदि उपस्थित रहे।



## ब्रज होली महोत्सव का आयोजन 28 फरवरी को

### भव्य सांस्कृति परम्पराओं के साथ आयोजित किये जाये कार्यक्रम- अतिरिक्त कलक्टर



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** ब्रज होली महोत्सव का आयोजन की तैयारियों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई जिसमें 28 फरवरी को समारोहपूर्वक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। अतिरिक्त कलक्टर ने कहा कि ब्रज होली की परम्पराओं को संरक्षित करते हुए महोत्सव के दौरान आयोजित किये जाने वाले सभी कार्यक्रम गरिमामय एवं पर्यटकों को आकर्षित करने वाले शामिल किये जायें। उन्होंने सभी कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की भागीदारी एवं सभी प्रकार की प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक लोगों को भागीदार बनाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि होली महोत्सव में आयोजित किये जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक संस्कृति पर आधारित लोकगीतों, लोकनृत्यों को प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को आमत्रित किया जाये।

संयुक्त निदेशक पर्यटन विभाग संजय जौहरी ने बताया कि 28 फरवरी को प्रस्तावित होली महोत्सव में प्रात: 9 बजे से खेलकूद प्रतियोगिताऐं लोहागढ स्टेडियम में आयोजित की जायेगी, जिसमें रस्साकसी प्रतियोगिता, कबड्डी, दौड़, बैडमिंटन एवं खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रात: 11 बजे से चित्रकला, मेंहदी-रंगोली, नीबू चम्मच एवं बोरी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय संग्रहालय में किया जायेगा। इसी परिसर में दोपहर 1 बजे साफा बांधना एवं मूंछ प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि ब्रज होली महोत्सव के तहत भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन सांय 7 बजे से विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में किया जायेगा जिसमें ब्रज अंचल के प्रसिद्ध लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव कपूर, सचिव नगर निगम विजय प्रताप सिंह, अधिशाषी अभियन्ता पीएचईडी केडी पाण्डेय, खेल अधिकारी अभिषेक, पुरातत्व विभाग से राजन कुमार सहित शिक्षा विभाग, बीडीए व संबन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## महाराजा विश्वेंद्र सिंह बोले 13 फरवरी को मोती महल पर रियासतकालीन झंडा फहराऊंगा हिम्मत है तो रोकना मुझे

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर के पूर्व राजपरिवार में मोतीमहल पर रियासत कालीन झंडा लगाने को लेकर विवाद थम नहीं रहा है। पूर्व राजपरिवार के सदस्य विश्वेंद्र सिंह ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है, जिसमें लिखा है- 13 फरवरी को महाराजा सूरजमल की जयंती के दिन मैं खुद झंडा लगाऊंगा। किसी में हिम्मत है तो रोक कर दिखा देना मुझे, भरतपुर राजपरिवार में पिछले 5 सालों से चला आ रहा पारिवारिक विवाद सुलझने के कगार पर ही था कि मेरी पत्नी व बेटे ने भरतपुर का रियासतकालीन झंडा अभी तक नहीं लगाने के कारण यह विवाद फिर से उलझ गया है। बता दें, इससे पहले मोती महल पर रियासतकालीन झंडे की जगह युद्ध भूमि का झंडा लगाया गया था, जिस पर सर्व समाज ने कड़ी आपत्ति जताई थी। इसको लेकर 2025 सितंबर माह में जिले के अलग-अलग इलाकों में पंचायतें हुई थीं। पंचायतों में यह निर्णय लिया गया था कि 21 सितंबर 2025 को मोती महल से युद्ध भूमि का झंडा हटाकर रियासतकालीन झंडा लगाया जाएगा। 22 सितंबर को एक युवक ने झंडा हटा दिया। तब से लेकर अब तक मोती महल पर कोई भी झंडा नहीं लगा है।



## बाड़ी जिला अस्पताल को मिले 7 नए डॉक्टर: नेत्र, हड्डी रोग विशेषज्ञ की कई साल बाद नियुक्ति हुई; सोनोग्राफी और ब्लड बैंक को भी मिले डॉक्टर

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी जिला अस्पताल को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी डॉक्टरों की सूची में 7 नए डॉक्टर मिले हैं। इन नियुक्तियों से बरसों से खाली पड़े नेत्र विशेषज्ञ और हड्डी रोग विशेषज्ञ जैसे महत्वपूर्ण पद भर गए हैं, जिससे शहर के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलने की उम्मीद है।

**डॉ. सनीष बंसल और डॉ. गौरव कुमार की नियुक्ति**

बाड़ी जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ. हरिकिशन मंगल ने बताया- संयुक्त शासन सचिव निशा मीना द्वारा जारी ट्रांसफर लिस्ट में अस्पताल को ये 7 डॉक्टर दिए गए हैं। इनमें सोनोग्राफी के लिए डॉ. सनीष बंसल और फैमिली मेडिसिन (फिजिशियन) के लिए डॉ. गौरव कुमार की नियुक्ति हुई है।



**15 साल बाद नेत्र रोग विशेषज्ञ नियुक्त**-इसके अलावा, फॉरेंसिक मेडिसिन में पहली बार डॉ. बृजेश टटवाल को लगाया गया है, जबकि ब्लड बैंक के लिए डॉ. कालीचरण मीणा की नियुक्ति की गई है। करीब 15 वर्षों बाद अस्पताल को नेत्र रोग विशेषज्ञ के रूप में डॉ. दीपशिखा मिली हैं।

हड्डी रोग विशेषज्ञ के लिए डॉ. पांडे रितेश राजेंद्र और बच्चों के लिए डॉ. दीपांशी जैन को नियुक्त किया गया है। इन डॉक्टरों के पदभार ग्रहण करने से अस्पताल में विशेषज्ञ सेवाओं का विस्तार होगा।

### इनका कहना है

**वर्तमान में 18 डॉक्टर तैनात थे-** गौरतलब है कि दो वर्ष पूर्व जिला अस्पताल बनने के बाद बाड़ी अस्पताल में 44 डॉक्टरों के पद सृजित हुए थे। वर्तमान में पीएमओ सहित केवल 18 डॉक्टर ही तैनात थे। एनेस्थेटिक डॉक्टर के ट्रांसफर होने से ऑपरेशन थिएटर बंद हो गया था और सोनोग्राफी कक्ष पर भी ताला लटका हुआ था। हड्डी रोग विशेषज्ञ की कमी के कारण दुर्घटना के अधिकांश मामलों में मरीजों को धौलपुर जिला अस्पताल रेफर करना पड़ता था, जिससे अब राहत मिलने की उम्मीद है। - **रोशनी शिवहरे, कांग्रेस जिला सचिव**

## सोने-चांदी के बढ़ते दामों को लेकर दुकानदार और व्यापारी चिंतित

### विवाद निस्तारण और चर्चा को लेकर अध्यक्ष के नेतृत्व में बैठक,11 सदस्यीय टीम का गठन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। इससे आम जनता की पहुंच से ये धातुएं दूर होती जा रही हैं,वहीं सर्राफा व्यापारी भी अपने चौपट होते कारोबार को लेकर चिंतित हैं। पिछले कुछ महीनों में कीमतों में आए उछाल के कारण सर्राफा बाजार में सन्नाटा पसरा है और शादी-ब्याह के सीजन में भी ग्राहक कम दिख रहे हैं।

इसी चिंता के बीच,शहर के सर्राफा एवं स्वर्णकार संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक बाड़ी के बसेड़ी रोड स्थित एक निजी मैरिज गार्डन में आयोजित की गई। अध्यक्ष राजकुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में विभिन्न मामलों के समाधान के लिए 11 सदस्यीय टीम का गठन किया गया।



अध्यक्ष राजकुमार वर्मा ने बताया कि सोने-चांदी की बढ़ती कीमतों के कारण दुकानदार और व्यापारी परेशान हैं। ग्राहकों के साथ पुराने गहनों के मामलों में विवाद बढ़ रहे हैं, क्योंकि कीमतों में अचानक वृद्धि हुई है। ग्राहक कई साल पुराने गहनों को लेकर आ रहे हैं और मौजूदा ऊंची कीमत पर उन्हें वापस लेने की मांग कर रहे हैं, जिससे झगड़े हो रहे हैं।

इन विवादों के निपटारे के लिए सर्वसम्मति से 11 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। यह टीम न केवल झगड़ों का समाधान करेगी, बल्कि कुछ नियम भी निर्धारित करेगी। इन नियमों का पालन सभी सर्राफा और स्वर्ण व्यापारी करेंगे, और ग्राहकों को भी इनसे अवगत कराया जाएगा ताकि भविष्य में विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो।

संघ के महामंत्री हरिशंकर सर्राफ ने बताया कि बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि केंद्र सरकार से एमसीएक्स पर अंकुश लगाने की मांग की जाएगी। उनका मानना है कि ऐसा करने से सोने और चांदी जैसी आवश्यक धातुओं की कीमतें नियंत्रित रहेंगी और व्यापारियों का चौपट होता कारोबार बच सकेगा और हर बहन बेटी की शान सोना,चांदी उसकी पहुंच से दूर नहीं होगा।बैठक में वरिष्ठ पदाधिकारी दाऊदयाल सर्राफ, मोहन मित्तल, बंटू सर्राफ, अरविंद सर्राफ, सोहन मित्तल सहित संघ से जुड़े सभी दुकानदार और व्यापारी मौजूद रहे।

## जया एकादशी पर खाटू श्याम बाबा के मंदिर पर हुआ विशेष आयोजन,

### सैकड़ो की संख्या में भक्तो ने बाबा के दर्शन कर पाई पूड़ी-सब्जी की प्रसादी

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के कुल्ली वाले हनुमान मंदिर स्थित श्याम मंदिर पर गुरुवार को जया एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम के अनन्य प्रेमी भक्तों द्वारा बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया। बाबा को विशेष पोशाक पहनाई गई और दिल्ली से लाये गए फूलों से बाबा श्याम और मन्दिर को सजाया गया।

संध्या आरती में सैकड़ो की संख्या में श्याम प्रेमियों ने बाबा को मधुर मधुर भजन सुनाकर श्याम बाबा को रिझाया और खाटू नरेश के जयकारे लगाए। आरती के बाद पुड़ी सब्जी की प्रसादी वितरण की गई।



कार्यक्रम में मंदिर पुजारी बलराम तिवारी ने बताया कि हर एकादशी पर बाबा श्याम के मंदिर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन श्याम भक्तों द्वारा किया जाता है। गुरुवार को जया एकादशी के अवसर पर यह विशेष आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं में शिरकत की और बाबा श्याम की महाआरती की बात भजन कीर्तन किया गया। कार्यक्रम में श्याम प्रेमी आनंद मंगल,नानू मंगल,नागेंद्र कुशवाह,विवेक मंगल,राजेंद्र कुशवाहा, प्रांशु गर्ग,लवी बंसल, रामप्रकाश गर्ग सहित सैकड़ो श्याम प्रेमी मौजूद रहे।

## शैलेष कौशिक बने भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भरतपुर निवासी शैलेष कौशिक को प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया है। प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी की ओर से जारी प्रवक्ताओं एवं पैनलिस्ट की सूची में भरतपुर निवासी शैलेष कौशिक को पुन: लगातार दूसरी बार प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि शैलेष कौशिक पूर्व में भी भाजपा संगठन में जिले एवं प्रदेश में महत्वपूर्ण दायित्वों पर रहे है जिनमें प्रदेश सह-संयोजक मीडिया सेल भाजपा,संभाग मीडिया प्रभारी,जिला मंत्री भाजपा, जिला प्रवक्ता भाजपा, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला अध्यक्ष भाजपा पाक्षिक प्रकोष्ठ के पद प्रमुख है,इसके अलावा जनाक्रोश यात्रा में हिंडौन विधानसभा के प्रभारी भी रहे है। इसके साथ- साथ नगर निगम भरतपुर में पार्षद एवं नगर सुधार न्यास में न्यासी भी रह चुके है।



# आंकड़ों के चक्रव्यूह में घिरे शिक्षा मंत्री: जूली ने पूछा.. मुर्गी फार्म जर्जर भवनों और खुले मैदानों में कब तक पढ़ेंगे प्रदेश के नौनिहाल

## सदन में गरजे नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली तथ्यों के प्रहार से सत्ता पक्ष बैकफुट पर

बढ़ता राजस्थान

अलवर(का.स.)। राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान शिक्षा विभाग की बदहाली और जर्जर स्कूल भवनों को लेकर भारी गहमागहमी देखने को मिली। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने पुख्ता आंकड़ों के साथ शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को कटघरे में खड़ा करते हुए सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवालिया निशान खड़े किए। सदन में तीखे प्रहार करते हुए जूली ने बताया कि आज प्रदेश



की शिक्षा व्यवस्था की स्थिति यह है कि कहीं जर्जर भवनों तो कहीं खुले मैदानों में, कहीं मंदिरों और अस्पतालों में, तो कहीं मुर्गी फार्म तक में स्कूल संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ष्नौनिहालों का भविष्य अंधकार में है और सरकार संवेदनहीन बनी हुई है। नेता प्रतिपक्ष ने सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए चौंकाने वाला खुलासा किया। प्रदेश के कुल 45 हजार 365 स्कूलों में से 41 हजार 178 स्कूलों लगभग 90.95 प्रतिशत को तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है। विभाग के अनुसार 3,768 स्कूल भवन पूरी तरह जर्जर हैंए लेकिन सरकार ने अब तक केवल 2,558 को ही आधिकारिक तौर पर जर्जर घोषित किया है। शेष 1ए210 स्कूलों का भविष्य अधर में लटका है।

जूली ने सीधा सवाल किया कि इन बदहाल स्कूलों के पुनरुद्धार के लिए अब तक कितना बजट स्वीकृत किया गया है।

### ट्रांस्फर उद्योग में व्यस्त सरकार,बच्चों की सुध नहीं

जूली ने सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बच्चों को जर्जर भवनों से हटाकर 5 से 10 किलोमीटर दूर भेजा जा रहा हैए लेकिन उनके लिए परिवहन की कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने तंज कसाए ष्सरकार को नई बिल्डिंग बनाने में कोई रुचि नहीं हैय पूरी सरकार जनवरी के कड़ाके की ठंड में केवल तबादलों के खेल में व्यस्त है।

### शिक्षा मंत्री की कार्यकुशलता पर कटाक्ष

के दौरान जूली ने शिक्षा मंत्री की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो मंत्री दौरे के समय श्ज्ञदवूसमकहमश् की स्पेलिंग तक सही नहीं लिख पाएए उनसे प्रदेश की शिक्षा सुधारने की उम्मीद कैसे की जा सकती हैघ् इस दौरान उन्होंने सत्ता पक्ष पर आवाज दबाने और माइक बंद करने का भी गंभीर आरोप लगाया।

### छात्रवृत्ति पर घेरा

शिक्षा के साथ.साथ श्री जूली ने ओबीसी वर्ग के हितों की मजबूती से पैरवी की। उन्होंने छात्रवृत्ति के मुद्दे पर सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा कि पिछले दो वर्षों में कितने ओबीसी विद्यार्थियों ने आवेदन किया और वास्तव में कितनों को लाभ मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं और पिछड़ों के हक पर कुंडली मारकर बैठी है।

# श्री पैडीबन्द वाले सन्त जी महाराज के वार्षिक मेले का भव्य आगाज़ निकली विशाल ध्वज यात्रा



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** उपखण्ड समीपवर्ती के स्थित ग्राम नीमला में शुक्रवार से श्री श्री 1008 श्री पैडीबन्द वाले सन्त जी महाराज के तीन दिवसीय विशाल मेले एवं भण्डारे का विधिवत शुभारंभ किया गया। आस्था और उल्लास के इस संगम में शुक्रवार को भव्य ध्वज यात्रा निकाली गई। मेला आयोजन समिति के अनुसार,शुक्रवार प्रात: 9.15 बजे ठाकुर जी के बड़ा मन्दिर से ध्वज यात्रा प्रस्थान हुई। यह यात्रा डीजे की धुनों और धार्मिक जयकारों के साथ पूरे उत्साह के साथ नीमला के मुख्य मार्गों से होते हुए मेला स्थल तक पहुंची। मेले के दौरान धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी उन्होंने बताया कि 31 जनवरी (शनिवार) को प्रात: 7:15 बजे से श्री रामायण पाठ का शुभारंभ होगा। वहीं 1 फरवरी (रविवार) को 8:15 बजे: समापन एवं हवन पूजन, प्रात: 11:15 बजे से पद दंगल का आयोजन होगा, जिसमें लाली देवी मीणा (गांगडदा, करौली) और रामखिलाड़ी सैनी (बसवा, दौसा) की पार्टियाँ अपनी प्रस्तुति देंगी। दोपहर 12 बजे से प्रसादी वितरण (भण्डारा) शुरू होगा। कार्यक्रम में थानागाजी विधायक कान्तीप्रसाद मीणा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीमला सरपंच पिंकी देवी मीणा और पंचायत समिति सदस्य सविता शर्मा करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में राजगढ़ प्रधान भौरी देवी राठौड़ उपस्थित रहेंगी।

# ग्रेड-पे और वेतन वसंगतियों की ओर ध्यान दे सरकार : सुनीता

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** उपखण्ड क्षेत्र में एलएचवी/एएनएम संघ ऑफ़ राजस्थान प्रदेश कमेटी की कार्यकर्त्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी अनुराग हरित के सहायक राजेश जोशी को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर बोलते हुए बानसूर ब्लॉक कोषाध्यक्ष सुनीता ने बताया कि हम कक्षा-12पास कर यह कोर्स करती हैं, और इस पदनाम पद पर सेवा करती हैं। जन्म से लेकर मृत्यु तक अपना कर्तव्य निभाती हैं फिर भी हमारे साथ ऐसा अन्याय क्यों हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम कोटपूतली बहरोड़ जिले से सैकड़ों की संख्या में जयपुर गए थे। हमारी बहने सैकड़ों मील चलकर वहाँ विभिन्न जिलों से पहुंची थी फिर भी मुख्यमंत्री महोदय ने हमारी कोई सुनवाई नहीं ली। क्या जिस विभाग में पुरुष नहीं होते उनकी ओर आँख उठाकर भी नहीं देखा जाता। श्रीमती सुनीता ने कहा




कि आखिर इस पुरुष प्रधान देश में महिलाओं की कोई इज्जत नहीं है जो एक पद से भर्ती होकर एक पद से ही रिटायर हो जाती हैं। जबकि एक थर्ड ग्रेड को पदोन्नति मिलती हमें क्यों नहीं !वहीं कोटपूतली बहरोड़ जिलाध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि ग्रेड- पे 28से 36सौ हो। वेतन विसंगतियों को दूर किया जाए। जिस पद पर भर्ती होते हैं उसी पद से रिटायर कर दिए जाते हैं। हमारी जायज मांगे हैं मुख्यमंत्री महोदय को इस और ध्यान देना चाहिए। हमारे मान सम्मान रखा जाए। ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि जो ए कह रहे हैं वह जायज हैं। हम जिस पद पर भर्ती होती हैं वहीं से रिटायर कर दी जाती हैं हमें भी हमारे मान सम्मान पर ध्यान दिया जाए।इस मौके पर ब्लॉक बानसूर की एएनएम और एलएचवी काफ़ी संख्या में मौजूद रही।

# शेखावत ने दी श्रीराम महायज्ञ में आहुति की क्षेत्र में कुशलमंगल की कामना

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर में 111 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ में पहुंचे विधायक देवीसिंह शेखावत, क्षेत्र की खुशहाली की कामना करते हुए आहुति दी। शेखावत ने नारायणपुर नगर पालिका क्षेत्र स्थित में पुरुषोत्तम दास महाराज मन्दिर परिसर में हो रहे 111 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ में शामिल होकर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक नागरिकों सहित जीवमात्र की सुरक्षा की कामना की । इस दौरान उन्होंने विधिवत रूप से इस महायज्ञ में आहुति देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करते हुए श्रद्धालुओं और आयोजकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर आयोजकों और श्रद्धालुओं द्वारा विधायक देवीसिंह शेखावत का माला साफा पहनाकर भव्य सम्मान भी किया गया।शेखावत ने महायज्ञ स्थल की परिक्रमा करते हुए यज्ञाचार्यों से विधि-विधान की जानकारी भी



ली। इसके बाद उन्होंने महासंत जनार्दनदास महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर वहाँ से प्रस्थान किया। महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी के साथ श्रद्धालुओं का ताँता जुड़ा रहा।जिससे यह लगता महसूस हुआ कि पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में है और रहेगा। वेद मंत्रों के उच्चारण और यज्ञ की अग्नि से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर है।श्रीराम महायज्ञ न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज को एकजुट करने का भी कार्य कर रहा है। ऐसे धार्मिक आयोजनों से सनातन संस्कृति और परंपराओं को मजबूती मिलती है तथा नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुडने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि यज्ञ और धार्मिक अनुष्ठान समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। शेखावत ने आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इतने बड़े स्तर पर यज्ञ का आयोजन करना अत्यंत सराहनीय कार्य है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में बढ़-चढक़र हिस्सा लेने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, संत-महात्मा और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। यज्ञ को लेकर क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है।

# युवक का किडनैप कर ले जा रहे 2 की मौत:परिवार की लडक़ी से लव मैरिज करने से नाराज थे, तेज रफ्तार बोलेरो पलटी



बढ़ता राजस्थान

**अलवर(का.स.)।** अलवर में लव मैरिज से नाराज लडक़ी के रिश्तेदारों ने युवक का किडनैप कर लिया। युवक को बोलेरो में ले जाते समय गाड़ी पलटी खा गई। हादसे में लडक़ी के रिश्तेदार समेत 2 लोगों की मौत हो गई और एक युवक घायल हो गया। मामला राजगढ़ थाना क्षेत्र के नया गांव माचाडी का शुक्रवार दोपहर 1 बजे का है। राजगढ़ थाना प्रभारी राजेश मीणा ने बताया- हादसे में मालाखेड़ा थाना क्षेत्र के बिलन्दी श्याम गंगा निवासी रामफूल गुर्जर (50) और ड्राइवर मालाखेड़ा निवासी राजेंद्र प्रसाद चौधरी (50) की मौत हो गई। घायल खेड़ली चन्दावत लक्ष्मणगढ़ निवासी विवेक गुर्जर ने बताया- मैंने तीन माह पहले लव मैरिज की थी। इसको लेकर लडक़ी पक्ष के लोगों को पुलिस से पाबंद भी करवाया था। शुक्रवार को बाइक पर बुटोली गांव की तरफ जा रहा था। बुटोली से आगे लडक़ी पक्ष के लोगों ने मेरी बाइक को बोलेरो से टक्कर मार दी। इससे गिर गया। वो लोग दो कार और चार बाइक पर आए थे। इसके बाद लडक़ी पक्ष के लोगों ने मुझे बोलेरो में पटक लिया। मेरे साथ मारपीट की। तेज रफ्तार बोलेरो नया गांव माचाडी के पास पलट गई। इससे मैं घायल हो गया।दूसरे पक्ष ने कहा- बेटी को किडनैप कर ले गया था वहीं, दूसरे पक्ष के भोलाराम ने बताया- हमारे भाई की बेटी का अपहरण कर ले गया था। इसका मुकदमा भी दर्ज कराया था। उस बेटी का अता पता नहीं है। विवेक सहित कई युवक कार और बाइक से आए। जो बोलेरो का पीछा कर रहे थे। इन्होंने बोलेरो से ओवरटेक किया। इसके कारण बोलेरो पलटी है।थाना प्रभारी ने बताया- घटना के बारे में जानकारी कर रहे हैं। बाकी रिपोर्ट मिलने के बाद जांच की जाएगी। मालाखेड़ा के राजेंद्र चौधरी बोलेरो का मालिक था, खुद ही ड्राइवर था। उसे बुकिंग कर बुलाया गया था।

# जिले के राजकीय कार्यालयों एवं विभागों में मनाया गया शहीद दिवस का कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**अलवर(का.स.)।** शहीद दिवस के अवसर पर आज मिनी सचिवालय में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर श्रीमती बीना महावर, उपखण्ड अधिकारी अलवर श्री माधव भारद्वाज, तहसीलदार श्रीमती रश्मि शर्मा, नाजिर यशवंत मीणा सहित अधिकारी व कार्मिकों ने गांधीजी को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान रामधुनी व गांधीजी के प्रिय भजनों की प्रस्तुति भी हुई तथा स्वतंत्राता संग्राम के दौरान शहादत देने वाले अमर शहीदों के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। वहीं जिले के समस्त राजकीय कार्यालयों एवं विभागों में भी शहीद दिवस के अवसर पर गांधीजी की प्रतिमा पर श्रृद्धासुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किया गया।

# व्यापार मण्डल व्यापार महासंघ के चुनाव 7 को

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित व्यापार मण्डल की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें क्षेत्र के सभी प्रमुख व्यापारियों एवं विभिन्न व्यापारीयों ने हिस्सा लेकर अपनी-अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। बैठक का आयोजन परशुराम भवन में हुआ। जहां व्यापार जगत से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। व्यापार मण्डल के सदस्य विजय कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों की एकता को मजबूत करना और सामूहिक रूप से समस्याओं के समाधान के लिए एक मजबूत संगठन का निर्माण करना है। बैठक के दौरान व्यापार में आने वाली दैनिक परेशानियों, प्रशासनिक प्रक्रियाओं, बाजार व्यवस्था, सुरक्षा, टैक्स से जुड़ी दिक्कतों और अन्य व्यावसायिक मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से बानसूर व्यापार महासंघ के गठन का निर्णय भी लिया गया। व्यापारियों ने कहा कि एक संगठित महासंघ के माध्यम से



व्यापारियों की आवाज को मजबूती से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाया जा सकता है इसके लिए महासंघ की आवश्यकता है। इसके साथ ही प्रत्येक माह में एक निश्चित अवकाश तय करने, आपसी सहयोग बढ़ाने और व्यापारिक विवादों के समाधान के लिए सामूहिक मंच बनाने पर भी सहमति बनी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी 7 फरवरी 2026को संयुक्त व्यापार महासंघ के अध्यक्ष और कार्यकारिणी के चुनाव कराए जाएंगे। इस दिन महासंघ के नए अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों का लोकतांत्रिक तरीके से चयन किया जाएगा। व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी व्यापारियों के हितों की रक्षा करते हुए बाजार की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी भूमिका निभाएगी। बैठक में महावीर बालासिया, दयाराम गुप्ता, मनीष गोयल, लक्ष्मण प्रसाद सैनी, हंसराज गोलियां, अनिल सिंघल, राजेश सिंघल, राजेन्द्र गुप्ता, रोशन सैनी, हरिसिंह सैनी,ब्रह्म प्रकाश यादव, लक्ष्मण प्रसाद सैनी, राजेंद्र गुप्ता, यादराम सोलंकी ,ओम प्रकाश ,पूरन सिंह शेखावत, भागीरथ कुमार , सांवर सोनी,सहित कस्बे के बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। सभी व्यापारियों ने एकजुट होकर व्यापार महासंघ को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# 'गेहूँ खरीद हेतु किसान रजिस्ट्रेशन पोर्टल' के माध्यम से किसान गेहूँ विक्रय हेतु 1 फरवरी से करवा सकेंगे ऑनलाइन पंजीकरण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर(का.स.)।** भारत सरकार द्वारा रबी विपणन सीजन 2026-27 हेतु गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य पच्चीस सौ पचासी रूपए प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। राज्य के किसान अपनी उपज (गेहूँ) विक्रय हेतु पंजीयन 1 फरवरी 25 जून 2026 तक स्वयं अथवा ई-मित्र के माध्यम से खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग राजस्थान की वेबसाइट ीजजचेरूध्ध्विवकण्तंरेंजींदण्हवअण्पद पर उपलब्ध 'गेहूँ खरीद हेतु किसान रजिस्ट्रेशन पोर्टल' के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकेंगे। पंजीयन हेतु किसान के पास अद्यतन जन आधार कार्ड अनिवार्य है। किसान को उसके द्वारा विक्रय की गई उपज का भुगतान उसके जन आधार से जुड़े हुए बैंक खाते में किया जाएगा। इसलिए किसान को जिस बैंक खाते में भुगतान प्राप्त करना है उस बैंक खाते को अपने जन आधार में जुड़वाना आवश्यक होगा। पंजीकरण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग राजस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है। किसान पंजीकरण व अन्य खरीद सम्बन्धी जानकारी एवं समस्याओं के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 14435 पर राजकीय कार्य दिवसों में प्रात: 10 बजे से सांय 5 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं। किसान को खरीद संबंधी विभिन्न जानकारियों को एसएमएस के माध्यम से रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर समय-समय पर अवगत कराया जायेगा।

**12 विभागों की योजनाओं की मिलेगी जानकारी, मौके पर होंगी स्वीकृतियां जारी**

# जिले में 31 जनवरी तथा 1 फरवरी को ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे ग्राम उत्थान शिविर

बढ़ता राजस्थान

अलवर(का.स.)। राज्य सरकार द्वारा ग्राम-2026 (ग्लोबल राजस्थान एग्री-टेक मीट-2026) की तैयारियों एवं ग्रामीण उत्थान को गति देने के उद्देश्य से अलवर जिले के गिरदावर सर्किल पर आयोजित किए जा रहे एक दिवसीय विशेष ग्राम उत्थान शिविरों के अंतर्गत 31 जनवरी तथा 1 फरवरी को विशेष ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि 31 जनवरी को उपखण्ड रैणी के गिरदावर सर्किल डेरा के अटल सेवा केंद्र में, उपखण्ड अलवर के गिरदावर सर्किल शाहपुर के अटल सेवा केंद्र, उपखण्ड राजगढ के गिरदावर सर्किल टहला के आईटी केंद्र, उपखण्ड लक्ष्मणगढ के गिरदावर सर्किल दीनार के अटल सेवा केंद्र, उपखण्ड गोविन्दगढ के गिरदावर सर्किल नसवारी के अटल सेवा केंद्र, उपखण्ड थानागाजी के गिरदावर सर्किल सालेटा के अटल सेवा केंद्र, उपखण्ड कठूमर के गिरदावर सर्किल रौनीजाथान के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र एवं रामगढ उपखण्ड के गिरदावर सर्किल धनेटा के अटल सेवा केंद्र में शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार 1 फरवरी को उपखण्ड रैणी के गिरदावर सर्किल माचाडी के अटल सेवा केंद्र में, उपखण्ड अलवर के गिरदावर सर्किल कस्बाडहरा के अटल सेवा केंद्र, उपखण्ड राजगढ के गिरदावर सर्किल राजपुरबडा के आईटी केंद्र, उपखण्ड लक्ष्मणगढ के गिरदावर सर्किल खोहरा मलावली के अटल सेवा केंद्र, उपखण्ड थानागाजी के गिरदावर सर्किल समरा के अटल सेवा केंद्र, उपखण्ड कठूमर के गिरदावर सर्किल बडोदाकान के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र एवं रामगढ उपखण्ड के गिरदावर सर्किल बाम्बोली के अटल सेवा केंद्र में शिविर आयोजित होंगे।


जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा तारबंदी, डिग्गी, पाइपलाइन, फार्म पॉण्ड, फव्वारा एवं ड्रिप, प्लास्टिक मल्च, सौर पंप संयंत्र की स्वीकृतियां, बैलों से खेती करने पर 30 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि, फसल बीमा एवं एमएसपी की जानकारी, आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन, सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण, सोलर पंप एवं पॉलीहाउस के आवेदन तैयार करने सहित बीज एवं मिनी किट वितरण का सत्यापन किया जाएगा तथा ग्राम 2026 में कृषकों की भागीदारी हेतु प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

कृषि विपणन विभाग द्वारा पीएमएफएमई के आवेदन तैयार करना, मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के आवेदनों का निस्तारण तथा गिरदावरी सर्किल में आने वाले बस स्टैण्ड पर किसान विश्राम स्थल निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे। सहकारिता विभाग द्वारा मुख्यमंत्री किसान निधि का डीबीटी, किसान क्रेडिट कार्ड आवेदन, एनसीओएल एवं एनसीईएल सदस्यता, नवीन गोदाम निर्माण, डीसीएस द्वारा सहकारी बैंक में खाते, स्वयं सहायता समूहों के ऋण, 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान योजना, सहकारिता सदस्यता आवेदन अभियान, सहकारी ऋण योजना की जानकारी एवं कस्टम हायरिंग सेंटर से संबंधित कार्य किए जाएंगे।

# रामचरण जयंती आज

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** विजयवर्गीय वैश्य समाज राजगढ़ द्वारा रामचरण जी महाराज की 306 वीं जयंती मनाएगा। विजयवर्गीय वैश्य समाज राजगढ़ के कोषाध्यक्ष अजय



विजय ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्री 1008 श्री रामचरण जी महाराज की जयंती बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनायीं जाएगी। महाराज श्री की 306वीं जयंती के अवसर पर सुंदरकांड और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा तथा इसके पश्चात भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा। जयंती के इस अवसर पर वैश्य समाज राजगढ़ के विभिन्न घटकों तथा महिला मण्डलों को भी आमंत्रित किया गया है।

# राजस्थान कांग्रेस ने की 4 जिलाध्यक्षों की घोषणा

## लोकसभा टिकट को लेकर विवादों में रहे सुनील शर्मा को जयपुर शहर की कमान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान के तहत बचे हुए पांच में से 4 जिलों में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा कर दी है। सुनील शर्मा को जयपुर शहर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। शर्मा पिछले लोकसभा चुनाव में जयपुर से कांग्रेस के कैंडिडेट थे, लेकिन उन्होंने टिकट लौटा दिया था। पार्टी ने दिग्विजय सिंह पुरावत को प्रतापगढ़, वीरेंद्र सिंह गुर्जर को झालावाड़ और हंसराज मीणा को बारां जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। राजसमंद में जिलाध्यक्ष की घोषणा अब भी होना बाकी है। इससे पहले नवंबर में कांग्रेस ने 45 जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की थी। कांग्रेस संगठन के हिसाब से 50 जिले हैं। अब तक 49 जिलों में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी है। राहुल गांधी के फॉर्मूले पर रायशुमारी करने के बाद जिलाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं।

### विवाद के बाद कांग्रेस ने बदला था टिकट

लोकसभा चुनावों में सुनील शर्मा के आरएसएस समर्थक संस्था जयपुर डायलॉग्स के मंच पर जाने का वीडियो सामने आया था। इस पर शशि थरूर सहित कई कांग्रेस नेताओं ने आपत्ति जताई थी। फिर सुनील शर्मा का टिकट बदलने की मांग उठी। सोशल मीडिया पर इसे लेकर खूब विवाद हुआ था। विवाद के बाद सुनील शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके उम्मीदवारी छोड़ने की पेशकश की थी।

# जयपुर में 14 साल की लड़की से रेप

## 5 महीने की प्रेग्नेंट हुई तो किडनैप कर ले गया पड़ोसी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में 14 साल की लड़की का किडनैप कर रेप करने का मामला सामने आया है। नाबालिग के 5 महीने की प्रेग्नेंट होने का पता चला तो आरोपी पड़ोसी उसका किडनैप कर लिया। इसके बाद मामले में जयपुर वेस्ट पुलिस ने 5 दिन बाद सफलता हासिल करते हुए नाबालिग को झारखंड से दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, जयपुर वेस्ट इलाके में रहने वाली नाबालिग लड़की के परिजनों ने सप्ताहभर पहले रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया कि उनकी 14 साल की बेटी किसी काम से घर से निकली थी, जिसके बाद रहस्यमीय तरीके से लापता हो गई।

### पुलिस ने पांच दिन बाद नाबालिग को झारखंड से ढूंढ निकाला

परिजनों की शिकायत पर पुलिस की ओर से तुरंत किडनैपिंग का मामला दर्ज कर नाबालिग लड़की की तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम ने 5 दिन की मशक्कत के बाद झारखंड से नाबालिग को ढूंढ निकाला। पुलिस को नाबालिग पीड़िता का मेडिकल करवाने पर 5 महीने की प्रेग्नेंट होने का पता चला। डरा-धमकाकर पड़ोसी करता था रेप नाबालिग पीड़िता के बयान दर्ज करने पर पता चला कि आरोपी पड़ोसी उसके साथ पिछले काफी समय से रेप कर रहा था। बहला-फुसलाकर आरोपी पड़ोसी ने उसको मिलने के लिए बुलाया, फिर रेप किया।

# नीरजा मोदी स्कूल को हाईकोर्ट से अंतरिम राहत

## स्टूडेंट्स शिफ्ट करने की प्रक्रिया पर एक महीने की रोक, मान्यता रद्द करने के आदेश में दखल नहीं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर की नीरजा मोदी स्कूल को राजस्थान हाईकोर्ट से एक महीने की राहत मिल गई है। जस्टिस बिपिन गुप्ता की बैंच ने स्कूल की याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की स्टूडेंट्स शिफ्ट करने की प्रक्रिया पर एक महीने तक रोक लगा दी है। हालांकि कोर्ट ने इस स्टेज पर सीबीएसई के मान्यता (संबद्धता) रद्द करने के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने निर्देश दिया कि स्कूल एक सप्ताह में सीबीएसई के सामने रिप्रजेंटेशन दें। वहीं, सीबीएसई स्कूल के रिप्रजेंटेशन को तीन सप्ताह में तय करें। तब तक क्लास 9 और 11 के स्टूडेंट्स को दूसरी स्कूल में शिफ्ट करने की प्रक्रिया पर रोक रहेगी।

**स्कूल की याचिका चलने योग्य नहीं**-सीबीएसई की ओर से बहस करते हुए अधिवक्ता एमएस राघव ने कहा- स्कूल की याचिका मेंटिनेबल (चलने योग्य) नहीं है। सीबीएसई के प्रावधानों के अनुसार स्कूल के पास बोर्ड में रिप्रजेंटेशन देने का विकल्प खुला है।

# माउंट आबू में भूकंप के झटके महसूस

## शाम 7:22 बजे की घटना, किसी नुकसान की खबर नहीं

बढ़ता राजस्थान

**माउंट आबू।** राजस्थान के पर्वतीय पर्यटन स्थल माउंट आबू में शुक्रवार शाम 7:22 बजे हल्के भूकंप के झटके महसूस किए गए। कुछ सेकंड तक धरती में कंपन महसूस होता रहा और हल्की आवाज भी सुनाई दी। कंपन महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। जानकारी के अनुसार शहर के सालगांव, अचलगढ़, ढूंढाई और मुख्य बाजार सहित कई अन्य क्षेत्रों में लोगों ने भूकंप के झटकों का अनुभव किया। कंपन महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार हिल स्टेशन में इस समयावधि के दौरान किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है।

# राजस्थान विधानसभा में हंगामा जारी

# कांग्रेस विधायक बोले- हजारों लड़कियां भाग रहीं

## चार-चार बच्चों की मां प्रेमी के साथ भाग रही है, लौटने पर मां-बाप को नहीं पहचानती



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के दौरान शुक्रवार को कांग्रेस विधायक नरेंद्र बुडानिया ने कहा- आज प्रदेश में कई घटनाएं ऐसी हो रही हैं, जो शर्मसार करने वाली है। लड़कियां आज जिस कदर भाग रही हैं, उससे मां-बाप को रात में नींद नहीं आती है। हजारों लड़कियां भाग रही हैं, और तो और चार-चार बच्चों की मां भी प्रेमियों के साथ भाग रही हैं। आप सोचिए मां-बाप का क्या होगा? भागी हुई लड़कियों को जब पुलिस ढूंढ कर लाती है तो मां-बाप को पहचानने से ही इनकार कर देती है। एक बेटी अपने मां-बाप को यह कहे कि मैं तुम्हें पहचानती नहीं, इससे बड़ी मरण की बात क्या हो सकती है? बुडानिया ने कहा- इसमें हम सब लोग शामिल हैं, हमें विचार करना चाहिए। यह केंद्र का नियम है, सुप्रीम कोर्ट की रुलिंग हो सकती है, लेकिन हम सब पार्टियों को ऐसा रास्ता निकालना चाहिए कि लड़कियों के भागने की प्रवृत्ति पर रोक लगे। मैंने ऐसी-ऐसी घटनाएं देखी हैं, भागकर गई लड़की को जब वापस लाया गया, मां-बाप के सामने लड़की ने बोला कि मैं आपको पहचानती नहीं, थोड़ी देर बाद पिता ट्रेन के आगे कूद गया। एक कुएं में कूद गया। यह हालत है। इस पर हम सबको बात करनी चाहिए और इस पर गंभीरता से विचार करके रास्ता निकालना चाहिए।

### विधानसभा में तीन दिन की छुट्टी

विधानसभा की कार्यवाही 3 फरवरी की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। 31 जनवरी, 1 और 2 फरवरी को विधानसभा की छुट्टी रहेगी। 3 और 4 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस जारी रहेगी। 4 फरवरी को शाम 5 बजे राज्यपाल के अभिभाषण पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जवाब देंगे।

### जर्जर स्कूल भवनों के मुद्दे पर हंगामा

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान जर्जर स्कूल भवनों के मुद्दे पर हंगामा हुआ। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- स्कूल भवन जर्जर हैं, लेकिन सरकार का ध्यान नहीं है। मंदिरों और मुर्गी फार्म में स्कूल चल रहे हैं। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा- जितने भी जर्जर स्कूल भवन हैं, उनको जमींदोज किया जाएगा। उनको हटाया जाएगा, क्योंकि वार्षिक परीक्षा नजदीक है। दिलावर ने कहा- हम तय कर रहे हैं कि निर्माण, मरम्मत करने और अंतिम तिथि भी होगी, ताकि सरकार को ध्यान रहे कि कौनसी बिल्डिंग कब जमींदोज करनी है।

मंत्री ने कहा- अब तक 30 करोड़ तक के भवनों की थर्ड पार्टी ऑडिट होता था। अब सभी स्कूल भवनों का पॉलिटेक्निक कॉलेज से थर्ड पार्टी ऑडिट करवाएंगे। ताकि बिल्डिंग सही बन रही है कि नहीं बन रही है, यह पता लग जाए। विधानसभा में शून्यकाल के दौरान एसआईआर में गड़बड़ी का मुद्दा गूंजा। इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष और ससंदीय कार्य मंत्री के बीच जमकर नोकझोंक हुई।

### एसआईआर में फर्जी फॉर्म के बंडल कौन देकर गया

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि हम यह पूछ रहे हैं कि जो भी एप्लिकेशन आई, वो कहां से आई। उसमें सजा का प्रावधान है। एसआईआर में जो फर्जी फॉर्म देकर गए, वे कौन थे, इसमें जांच करवा दीजिए। जूली ने एसआईआर पर चर्चा करवाने का मुद्दा उठाया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि इस पर कानूनी मामलों के विशेषज्ञों से बात करके फैसला लूंगा।

### कांग्रेस राज में घोषित रोडवेज डिपो चालू नहीं करने पर नोकझोंक

प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस राज में घोषित छह रोडवेज डिपो को चालू नहीं करने के मुद्दे पर जमकर नोकझोंक हुई।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और कांग्रेस विधायक अमित चाचाण ने कांग्रेस राज में घोषित रोडवेज डिपो को चालू नहीं करने पर परिवहन मंत्री पर सवाल उठाए।

# राजस्थान- साध्वी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत के बाद समाधि

## पिता बोले- गलत इंजेक्शन से गई जान; भक्तों ने पिता पर ही सवाल उठाए

बढ़ता राजस्थान



**बाड़मेर।** राजस्थान की कथावाचक साध्वी प्रेम बाईसा (23) की विवादित मौत के बाद शुक्रवार को उन्हें समाधि दी गई। बाईसा को बुधवार को जोधपुर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। कुछ मिनटों बाद ही उन्होंने दम तोड़ दिया था।

प्रेम बाईसा के पिता वीरमनाथ का दावा है कि उन्हें केवल मामूली जुकाम था। जोधपुर के ही आश्रम में उन्हें एक इंजेक्शन लगाया गया था, इसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई थी।

हॉस्पिटल में मौत के बाद उनका एक कथित सुसाइड नोट सामने आया था। इसके बाद साध्वी से जुड़ा पुराना ब्लैकमेलिंग केस फिर चर्चा में आ गया है। वहीं, कई भक्तों ने उनके पिता की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं।

13 जुलाई 2025 को सोशल मीडिया पर साध्वी का एक वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो में वे एक व्यक्ति से गले मिलते नजर आ रही थीं। इसे अश्लील बताकर प्रचारित किया गया था।

साध्वी ने 16 जुलाई को बोरानाडा थाने में इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने अपनी एफआईआर में बताया था कि वीडियो में दिखने वाला व्यक्ति उनके पिता वीरमनाथ (गुरुजी) हैं। यह वीडियो 2021 का था, जब वे अवसाद में थीं और पिता ने उन्हें ढांढस बंधाया था।

# पहले राजस्थान में अस्थिर सरकार थी : राठौड़

## कहा : योजनाओं में बिचौलिया पैसे खाते थे, उन बिचौलियों को हटा दिया तो भ्रम फैला रहे हैं



**जयपुर।** बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- सीएम भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में औद्योगिक विकास करने का काम किया है। यह प्रयास पहले भी कई लोगों ने किए होंगे, लेकिन पहले राजस्थान में अस्थिर सरकार थी।

कांग्रेस की सरकार में उसी के उप मुख्यमंत्री उनकी टांग खिंचाई करते रहते थे और वे अपनी सरकार को बचाने के लिए होटल में बैठे रहते थे। ऐसी अस्थिर सरकार में कोई भी उद्योगपति अपनी गाढ़ी कमाई का पैसा नहीं लगाएगा।

लेकिन अब जब उद्योगपति को लग गया है कि केंद्र और राज्य में बीजेपी की स्थिर सरकार है, तो निवेशक अपनी गाढ़ी कमाई राजस्थान में लगाने को तैयार हुए हैं। राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के एमओयू हुए, उसमें से 8 लाख करोड़ के एमओयू धरातल पर उतर गए हैं, उनका काम भी शुरू हो गया है।

मदन राठौड़ शुक्रवार को बीजेपी युवा मोर्चा के नव नियुक्त अध्यक्ष शंकर गोरा के पदभार ग्रहण समारोह में पहुंचे थे। समारोह को संबोधित करते हुए मदन राठौड़ ने ये बातें कहीं। कार्यक्रम में सीएम भजनलाल शर्मा को भी शामिल होना था, लेकिन वो कार्यक्रम में नहीं पहुंचे।

### बिचौलियों को हटा दिया तो भ्रम फैला रहे हैं

मदन राठौड़ ने कहा - पहले भी देश में पैसा था, लेकिन बिचौलिए पैसा खा जाया करते थे। लेकिन पीएम मोदी ने पैसा खाने वालों को जेल की सलाखों में बंद करने का काम किया। इसलिए आज विकास के लिए पैसा मिल रहा है, कोई अपने घर से पैसा नहीं लगाता है।

चोरों को पैसा नहीं खाने दिया, इसलिए पूरा पैसा विकास में लग रहा है। इन बिचौलियों को पैसा खाने का अवसर नहीं मिल रहा है, तो ये भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं। लेकिन आप लोग भ्रम फैलाने वालों पर विश्वास मत कीजिए। पीएम नरेन्द्र मोदी और सीएम भजनलाल शर्मा के नेतृत्व पर भरोसा कीजिए।

### चुनावों में युवा मोर्चा की निर्णायक भूमिका रहेगी

भाजयुमो के प्रदेशाध्यक्ष शंकर गोरा ने कहा कि युवा मोर्चा सरकार की योजनाओं और भर्ती कैलेंडर को जन-जन तक पहुंचाएगा और आगामी पंचायत व नगरीय निकाय चुनावों में बूथ स्तर तक सक्रिय भूमिका निभाएगा। उन्होंने दावा किया कि आने वाले चुनावों में भाजयुमो की भूमिका निर्णायक होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में 19 पेपर लीक हुए, जिससे गरीब परिवारों के बच्चों का भविष्य प्रभावित हुआ। जबकि प्रदेश की भजनलाल सरकार ने पेपर लीक माफियाओं को जेल भेजने का काम किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा जारी एक लाख सरकारी नौकरियों के भर्ती कैलेंडर के लिए आभार व्यक्त किया।

# महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि, मोदी ने श्रद्धांजलि दी

## राहुल गांधी बोले- राष्ट्रपिता का मंत्र था सत्ता से बड़ी सत्य की ताकत

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की आज 78वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी समेत कई बड़े नेताओं ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा - राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर मेरा शत-शत नमन।

पूज्य बापू का हमेशा स्वदेशी पर बल रहा, जो विकसित और आत्मनिर्भर भारत के हमारे संकल्प का भी आधारस्तंभ है। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व देशवासियों को कर्तव्य पथ पर चलने के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। लोकसभा में नेता विपक्ष कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने ट्वीटर पोस्ट में लिखा- राष्ट्रपिता ने हमें मूलमंत्र दिया कि सत्ता की ताकत से बड़ी सत्य की शक्ति होती है। शुक्रवार शाम को पीएम मोदी और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन दिल्ली में गांधी स्मृति पहुंचे। यहां प्रार्थना सभा में शामिल हुए। पीएम और उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रपिता गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# राजस्थान की झांकी ने दिल्ली में जीता इनाम

## गणतंत्र दिवस परेड में बीकानेर की खास कला की खूबसूरती दिखाई

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में निकाली गई राजस्थान की झांकी ने पॉपुलर चॉइस का तृतीय पुरस्कार जीता है।

भारत के रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ से राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव पर्यटन, कला, साहित्य एवं संस्कृति प्रवीण गुप्ता ने शुक्रवार को नई दिल्ली के महिपालपुर स्थित रक्षा संस्थान में यह पुरस्कार ग्रहण किया। गुजरात को पॉपुलर चॉइस श्रेणी में प्रथम और उत्तर प्रदेश को द्वितीय स्थान मिला है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव के साथ पुरस्कार ग्रहण करने के अवसर पर सयुंक्त शासन सचिव कला, साहित्य एवं संस्कृति अनुराधा गोगीया और ललित कला अकादमी के सचिव डॉ रजनीश हर्ष भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रवीण गुप्ता ने बताया- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के निर्देशन में गणतंत्र दिवस परेड 2026 में बीकानेर की सदियों पुरानी उस्ता कला से प्रेरित राजस्थान की झांकी ने सुनहरा अध्याय लिखते हुए पॉपुलर चॉइस का तृतीय पुरस्कार जीता है। उन्होंने बताया- मायगॉव प्लेटफॉर्म पर देशव्यापी जन मतदान के माध्यम से गुजरात को प्रथम स्थान, उत्तर प्रदेश को द्वितीय स्थान और राजस्थान को तृतीय स्थान मिला है।

उल्लेखनीय है कि गणतंत्र दिवस परेड में रेगिस्तान का सुनहरा स्पर्श शीर्षक से राजस्थान कला, साहित्य एवं संस्कृति विभाग की ओर से बीकानेर की स्वर्ण कला (उस्ता कला) से सुसज्जित इस झांकी ने अपनी जटिल शिल्पकारी, शाही विरासत और सांस्कृतिक गहराई से लाखों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

राजस्थान की रेत से लेकर कर्तव्य पथ तक, बीकानेर के कारीगरों ने यह प्रदर्शित किया कि कैसे भारत की पारंपरिक कलां सांस्कृतिक गौरव, आत्मनिर्भरता और सॉफ्ट पावर की रीढ़ बनी हुई है। जनता की जबरदस्त प्रतिक्रिया ने इस बात की पुष्टि की है कि भारत की आत्मा उसकी विरासत, शिल्प कौशल और लोगों में बसती है।

**180 डिग्री घूमती रही प्रतिमा**-राजस्थान मरुस्थल का स्वर्ण स्पर्श विषय पर आधारित झांकी के आगे के हिस्से में राजस्थान के प्रसिद्ध लोक वाद्य रावणहट्टा का वादन करते कलाकार की 180 डिग्री घूमती हुई प्रतिमा प्रदर्शित की गई। इसके दोनों ओर उस्ता कला से सजी सुराही, कुप्पी और दीपक आकर्षक फ्रेमों में लगाए गए, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने। झांकी का यह भाग लगभग 13 फीट ऊंचा रहा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) से प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टोंक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोंक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार